door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 268 | गुवाहाटी | सोमवार, 29 अप्रैल, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कांग्रेस के पास पीएम पद के लिए कोई चेहरा नहीं : मोदी पेज 2
भूपेन बोरा ने तोड़ा इंडी गठबंधन : आप पेज 3
मोदी सरकार ने सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया, उसे फिर सत्ता में ... पेज 5
जहीर ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी पसंदीदा टीम में ऋषभ, यश ... पेज 7

शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

## सुप्रभात

*नीतिवान पुरुष कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ही देश-काल की परीक्षा कर लेते हैं।*

- आचार्य चाणक्य

## भाजपा की ओर आकर्षित हो रहे हैं मुस्लिम मतदाता : सीएम

### *बारिश में मुख्यमंत्री ने किया नृत्य*



**गुवाहाटी ( हि.स./एजे./विभास )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि राज्य के मुस्लिम मतदाता धीरे-धीरे भाजपा की ओर आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा कोकराझार लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। डॉ शर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में मुसलमान लोगों की भागीदारी देखी गई है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि जितने लोग मीटिंग में आए हैं, उनमें से सभी भाजपा को वोट नहीं भी दे सकते हैं लेकिन आधे लोग जरूर भाजपा को वोट देंगे। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा ने कहा कि भाजपा की नीतियों से धीरे-धीरे मुसलमान अवगत हो रहे हैं। हमारा विरोध मुसलमानों से नहीं है, बल्कि तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों से है। उधर भारी बारिश के बीच, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कोकराझाड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए यूपीपीएल उम्मीदवार के समर्थन में कोकराझाड़ में एक रोमांचक चुनाव अभियान रैली का नेतृत्व किया। मैराथन अभियान कार्यक्रम लगातार तीन स्थानों पर चला, जिसका समापन फकीराग्राम में हुआ, जहां मुख्यमंत्री शर्मा ने भारी बारिश की परवाह किए बिना उत्साही भीड़ के साथ नृत्य किया, जबकि *आको एबार मोदी सरकार* का -शेष पृष्ठ दो पर

## आज अमित शाह का रोड शो : गुवाहाटी में निषेधाज्ञा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीसरे चरण के मतदान से पहले 29 अप्रैल को एक भव्य रोड शो में हिस्सा लेने के लिए गुवाहाटी पहुंचेंगे। शाह गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बिजुली कलिता मेधी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। इस दौरान शाह साइकिल फैक्ट्री से लालगणेश तक लगभग 2 किलोमीटर सड़क पर रोड शो करेंगे। केंद्रीय मंत्री के रोड शो के मद्देनजर गुवाहाटी मेट्रोपॉलिटन के जिला आयुक्त सुमित सत्तावन ने कुछ सड़कों को नो ड्रोन जोन, नो पटाखा जोन और नो फ्लाई जोन घोषित किया है। घोषणा के -शेष पृष्ठ दो पर

## परेश बरुवा को मुख्यधारा में लाने की कोशिश करेंगे : डॉ. शर्मा

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन अल्फा- स्वा के प्रमुख प्ररेश बरुवा को देश के मुख्य धारा में लौटाकर लाने की वह कोशिश करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका यह काम अधूरा रह गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होने के बाद परेश बरुवा को शांति वार्ता की मेज तक लाने की कोशिशें की जाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को कोकराझाड़ लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशी जयंत बसुमतारी के समर्थन में एक चुनावी रैली को -शेष पृष्ठ दो पर

## करीमगंज में बूथ कैप्चरिंग कांग्रेस ने पुनर्मतदान की मांग की



**करीमगंज।** करीमगंज कांग्रेस ने आम चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान व्यापक धांधली, बूथ कैप्चरिंग और मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस उम्मीदवार हाफिज रशीद अहमद चौधरी ने सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थकों और नेताओं पर बूथों पर कब्जा करने का आरोप लगाया, जिसमें स्थानीय भाजपा विधायक कृष्णेंदु पॉल, बिजय मालाकार और भाजपा समर्थक विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ भी शामिल थे। कांग्रेस उम्मीदवार हाफिज रशीद अहमद चौधरी के चुनाव एजेंट फैयाज अहमद चौधरी ने रिटर्निंग ऑफिसर (करीमगंज) मृदुल यादव को एक याचिका दायर -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस ने अब्दुर रशीद मंडल के खिलाफ जारी किया कारण बताओ नोटिस




**गुवाहाटी।** असम में विपक्षी कांग्रेस ने रविवार को अपने विधायक अब्दुर रशीद मंडल को उनकी कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। राज्य कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष बेदब्रत बोरा ने कहा कि पार्टी को हाल ही में मंडल के खिलाफ ग्वालपाड़ा जिले के अपने ब्लॉक और अन्य इकाइयों से कई शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि ग्वालपाड़ा पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मंडल को नोटिस का जवाब देने के -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### गुजरात में 86 किलो ड्रग्स बरामद, 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार

**पोरबंदर ( हि.स. )।** गुजरात के पोरबंदर के निकट अरब सागर से आई ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की है। सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार की रात अरब सागर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तान नाव को पकड़ा है। नाव से 86 किलो ड्रग्स बरामद हुआ। सुरक्षाकर्मियों ने नाव पर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार -शेष पृष्ठ दो पर

### बच्चों को बेचने वाले डॉक्टर समेत सात आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई ( हि.स. )।** मुंबई पुलिस ने 14 बच्चों को बेचने वाले डॉक्टर समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बच्चों को बेचने वाले इस गिरोह का जाल महाराष्ट्र के कई जिलों सहित तेलंगाना तक फैला हुआ है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर. ने रविवार को मीडिया को बताया कि बच्चों को बेचने का गिरोह डॉ संजय खंडारे फर्टिलिटी सेंटर में काम -शेष पृष्ठ दो पर

## नहीं थम रही मणिपुर हिंसा, स्वयंसेवकों के बीच हुई गोलीबारी में एक की मौत, तीन घायल



**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थम नहीं रही है। बिष्णुपुर जिले में सुरक्षाबलों के कैंप पर कुकी उग्रवादियों के हमले के एक दिन बाद रविवार को दो समुदायों के ग्राम स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल लोग हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह ग्राम स्वयंसेवकों के सशस्त्र कैडरों ने कांगपोकपी जिले की पहाड़ियों से इंफाल पश्चिम जिले के कौत्रुक गांव पर हमला किया। इसके बाद सीमावर्ती गांव में तैनात स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की। निकटवर्ती कडांगबंद और सेनजाम चिरांग गांव भी गोलीबारी की जद में आ गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी में *पम्पी* नाम से जाने जाने वाले मोर्टार गोले का भी इस्तेमाल किया गया। इस बीच कांगपोकपी जिले की आदिवासी एकता समिति ने रविवार दोपहर से जिले में 12 घंटे -शेष पृष्ठ दो पर

## *एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कभी हटने नहीं देगी भाजपा : अमित शाह*



**एटा ( हि.स. )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों पर कड़ा हमला बोला। शाह ने कहा कि राहुल गांधी झूठ फैलाने का काम बंद करो, ओबीसी का आरक्षण छीनने का काम आपने किया। एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण भाजपा कभी हटने नहीं देगी। अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह *राजू भैया* के समर्थन में एटा में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि हर गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन -शेष पृष्ठ दो पर

## आरएसएस ने आरक्षण का कभी विरोध नहीं किया : भागवत

**हैदराबाद।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि संघ शुरू से ही संविधान के अनुसार सभी आरक्षणों का समर्थन करता रहा है, लेकिन कुछ लोग झूठे वीडियो प्रसारित कर रहे हैं। देश में लोकसभा चुनाव जारी हैं। दो चरणों में 190 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं और -शेष पृष्ठ दो पर




## तीताबर में नशे में धुत पुलिसकर्मी ने मचाया उत्पात, एक घायल




**तीताबर।** तीताबर में पुलिस दुर्व्यवहार की एक परेशान करने वाली घटना देखी गई, जहां एक नवनियुक्त कर्मी, जिसकी पहचान प्रांजल सैकिया के रूप में हुई, गुंडागर्दी में लिप्त था, जिसके परिणामस्वरूप अराजकता हुई और चोटें आईं। यह घटना एक टाटा अल्ट्रोज वाहन पर केंद्रित थी, जिसका पंजीकरण संख्या एएस-ओएक्स-एजे-8303 था, जिसने मेलामाटी क्षेत्र में तबाही मचाई। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि कथित तौर पर एक नशे में धुत पुलिसकर्मी द्वारा चलाए जा रहे वाहन के कारण अराजक स्थिति पैदा हो गई, जिसके परिणामस्वरूप जावेद रहमान -शेष पृष्ठ दो पर

*इजरायल की हमास को चेतावनी, कहा-*

## तुम्हारे लिए ये समझौते का लास्ट चांस...



**तेल अवीव।** इजरायल ने राफा पर हमले से पहले हमास को चेतावनी दी है कि उसके पास बंधक समझौता करने का आखिरी मौका है। अगर हमास समझौते पर सहमत नहीं होता है तो उसकी सेना राफा शहर पर हमला कर देगी। इस बीच हमास ने शनिवार को कहा कि वह गाजा में संघर्षविराम के लिए इजराइल के नए प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है। इस बीच, मिस्र ने महीनों से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और दक्षिणी गाजा शहर रफह में संभावित इजराइली हमले को रोकने के लिए एक समझौते को लेकर प्रयास तेज कर दिए हैं। हमास के वरिष्ठ अधिकारी खलील अल-हया ने कहा कि फिलीस्तीनी उग्रवादी समूह इजराइल के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है और अपना अध्ययन पूरा होने पर, वह अपनी प्रतिक्रिया देगा। संबंधित अधिकारी ने इजराइल की पेशकश का कोई विवरण नहीं दिया, लेकिन कहा कि यह दो सप्ताह पहले हमास के एक प्रस्ताव के जवाब में आया। इस महीने की शुरुआत में -शेष पृष्ठ दो पर

## दक्षिणी राज्यों में गर्मी का कहर, एक की मौत



**पलक्कड़/तिरुवनंतपुरम।** केरल के पलक्कड़ जिले में लू लगने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। बता दें कि दक्षिणी राज्य में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। केरल में भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों में 12 जिलों के लिए अधिकतम तापमान की चेतावनी जारी की है। राज्य में बढ़ते तापमान से दैनिक जीवन पर असर पड़ने के मद्देनजर महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ियों में प्रीस्कूल गतिविधियों को एक सप्ताह के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## संदेशखाली ममता बनर्जी की निर्ममता का सबूत : नड्डा



**कोलकाता ( हि.स. )।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के लिए मतदान से पहले रविवार को बंगाल पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर जमकर हमला बोला। मुर्शिदाबाद में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि यहां पिस्तौल और बमों का राज चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा राज्य में 35 सीटें जीतेगी। नड्डा ने एक बार फिर संदेशखाली के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरा। जेपी नड्डा ने कहा कि संदेशखाली, ममता बनर्जी की निर्ममता और बर्बरता का संदेश चीख-चीख कर दे रहा है। ममता दीदी ने बंगाल को क्या बना दिया है? जहां रवींद्र संगीत गूंजना चाहिए था, वहां बम-पिस्तौल मिल रहे हैं। संदेशखाली में जनता की रक्षा के लिए एनएसजी कमांडो को भी उतरना पड़ा। इसी से समझ सकते हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने किस तरह अराजकता फैला रखी है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता से अपील करता हूं कि आप सभी संदेशखाली पर ममता बनर्जी से जवाब मांगें। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेशखाली की पीड़िता को पार्टी का टिकट देकर भाजपा के महिला सशक्तिकरण के संदेश को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं की इज्जत-आबरू और उनकी जमीनें बचाने के लिए वहां गई जांच एजेंसियों के अधिकारियों पर भी घातक हमला किया गया। जेपी नड्डा ने आगे कहा कि मैं आज समाचार पढ़ रहा था कि संदेशखाली में तलाशी के दौरान सीबीआई ने तीन विदेशी रिवॉल्वर, पुलिस द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक रिवॉल्वर, बंदूकें, कई गोलियां और कारतूस बरामद किए हैं। इसी से समझा जा सकता है कि ममता सरकार ने राज्य में किस तरह अराजकता -शेष पृष्ठ दो पर

## सास के प्यार में पागल हुई बहू, अश्लील वीडियो दिखाकर संबंध बनाने का डाल रही दबाव



**लखनऊ।** यूपी के बुलंदशहर से अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जहां एक बहू को अपनी ही सास से प्यार हो गया है। सास के प्यार में बहू इतनी पागल है कि वह अपने पति से अब तलाक मांग रही है। यहीं नहीं बहू सास को शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहती है। बहू की हरकतों से तंग आने के बाद सास ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। सास ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उसे उसकी बहू से बचा लिया जाए। मिली जानकारी के अनुसार, यह मामला स्याना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। सास ने बताया कि 2 साल पहले हमने अपने इकलौते बेटे की शादी करवाई थी। बहू ने घर में आते ही यह कहना शुरू कर दिया कि वह मुझसे प्यार करती है। मेरी शादी सास के साथ होनी चाहिए थी। सास ने कहा कि बहू कहती है कि जब पहली बार उसने मुझे देखा, तभी से वो अपना दिल मुझे दे बैठी थी। -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# कांग्रेस के पास पीएम पद के लिए कोई चेहरा नहीं : मोदी



**दावणगेरे।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के दावणगेरे में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर सीधे तौर पर हमला बोला। पीएम मोदी ने देश की सबसे पुरानी पार्टी में चल रही गुटबाजी को लेकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस जनता को संबोधित नहीं कर रही है बल्कि वो तो ये कोशिश कर रही है कि कैसे नंबर वन नंबर दो को हरा दे। अपनी गुटबाजी, भाई-भतीजावाद और गलत नीतियों के कारण कांग्रेस युवाओं, किसानों और आम लोगों के भविष्य खिलवाड़ कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित करने के लिए कोई नाम नहीं है। क्या यह देश ऐसा कुछ स्वीकार करेगा? साथ ही पीएम ने कहा कि कर्नाटक में 26 अप्रैल के दूसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस में अराजकता फैल गई है। उन्होंने कहा कि ये पहले जब भी हार जाते थे तो ईवीएम को टोपी पहना देते थे। वो दिन-रात चुनाव आते ही ईवीएम की माला जपते रहते थे, अब परसों सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा चांटा मारा है कि वे असमंजस में हैं कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सांत्वना देने के लिए क्या कहेंगे। अब पूरी कांग्रेस चुनाव हार जाए तो क्या बयान देना है, उसके ड्राफ्टिंग में लगी हुई है।

# भारत अब कमजोर देश नहीं है, ये एक शक्तिशाली देश बन गया है : रक्षामंत्री

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। इन्होनें चुनाव प्रचार के दौरान कहा गुजरात के सूरत से पहला परिणाम पहले ही आ गया है। भाजपा ने यह सीट निर्विरोध जीत ली है। इस जीत पर कांग्रेस कह रही है कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। पहली बार भाजपा का कोई लोकसभा सांसद निर्विरोध चुना गया है तो लोकतंत्र खतरे में आ गया है, लेकिन इससे पहले भाजपा विरोधी दलों के 28 लोकसभा सांसद निर्विरोध चुने गए तब लोकतंत्र सुरक्षित रहा? यह कैसा तर्क है! जबकि इससे पहले लोकसभा में 28 सांसद निर्विरोध चुने गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से और अच्छे माहौल में चल रही है और हमे नतीजों का इंतजार करना चाहिए आप लोग आश्वस्त रहिये भारत न कभी झुका है और न कभी झुकेगा। उन्होंने कहा कि भारत सैन्य दृष्टिकोण से एक शक्तिशाली देश बन गया है और अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। चीनी आक्रामकता को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप के बारे में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि भारत अब कमजोर देश नहीं है। सैन्य दृष्टि से भी अब ये एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा भाजपा ने पहली बार कोई सीट निर्विरोध जीती तो कह रहें लोकतंत्र खतरे में आ गया, लेकिन जब उनके सांसद निर्विरोध जीतते थे तब लोकतंत्र खतरे में नहीं आया। दो चरणों के मतदान के बाद 191 सीटों पर प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। अब चुनाव धीरे-धीरे उस ओर बढ़ रहा है, जहां 2019 में भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने रिकॉर्ड मतों से सफलता पाई थी। बता दें, तीसरे चरण के लिए 07 मई को 94 सीटों पर मतदान होना था, लेकिन इनमें मध्यप्रदेश की बैतूल लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद चुनाव आयोग ने इस क्षेत्र में मतदान स्थगित कर दिया है। इसके कारण अब तीसरे चरण में 94 में से 93 सीटों पर 7 मई को मतदान होगा। इसके लिए चुनाव प्रचार काफी तेज हो गया है। पिछले साल की बात करें तो तीसरे चरण में अधिकांश सीटें भाजपा के पाले में थीं।

# भारतीय मसालों पर हांगकांग और सिंगापुर ने लगाई रोक

**हैदराबाद।** भारतीय ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट के मसालों में कथित तौर पर कीटनाशक पाए जाने के मामले में अमेरिका भी जानकारी जुटा रहा है। हांगकांग के खाद्य नियामक सेंटर फार फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा था कि इन मसालों में कीटनाशक, एथिलीन आक्साइड पाया गया जिससे कैंसर होने का खतरा होता है। अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया, एफडीए रिपोर्टों से अवगत है। हम इस बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहे हैं। गौरतलब है कि हांगकांग के सीएफएस ने उपभोक्ताओं से इन उत्पादों को न खरीदने को कहा है, जबकि सिंगापुर की खाद्य एजेंसी ने ऐसे मसालों को वापस लेने का निर्देश दिया है। जिन चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें एमडीएच का मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसाला शामिल हैं। एमडीएच और एवरेस्ट ने मामले पर टिप्पणी नहीं की है, हालांकि एवरेस्ट ने पहले कहा था कि चिंता की कोई बात नहीं है। उसके उत्पाद सुरक्षित हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) भी मसालों की गुणवत्ता की जांच कर रहा है। भारत के मसाला निर्यात नियामक ने एमडीएच और एवरेस्ट से गुणवत्ता जांच का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। कंपनियों को यह बताने के लिए कहा गया है कि उत्पादों का परीक्षण कैसे किया गया और क्या सभी नियमों का पालन किया गया। भारत ने सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से विवरण मांगा है। वाणिज्य मंत्रालय ने सिंगापुर और हांगकांग में भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया है।

# पनामा ध्वज वाले जहाज पर हुए हमले का भारतीय युद्धपोत ने दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के एमवी एंड्रोमेडा स्टार पीएम ने रविवार को बताया कि भारतीय युद्धपोत, आईएनएस कोच्चि ने रविवार को पनामा-ध्वजांकित कच्चे तेल टैंकर पर हमले से जुड़ी समुद्री सुरक्षा घटना का ताबड़तोड़ जवाब दिया। गौरतलब है कि, संकटग्रस्त तेल टैंकर को भारतीय नौसेना के जहाज द्वारा रोक लिया गया था और स्थिति का आकलन करने के लिए भारतीय नौसेना के हेलीकॉप्टर द्वारा हवाई टोही की गई थी। इसके अलावा, संकटग्रस्त जहाज पर एक विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) टीम को भी तैनात किया गया था। नौसेना ने अपने बयान में कहा कि कुल 30 चालक दल (22 भारतीय नागरिकों सहित) सुरक्षित हैं और जहाज अगले बंदरगाह के लिए अपने निर्धारित पारगमन को जारी रख रहा है।

# बठिंडा में हरसिमरत कौर की सभा में बवाल, समर्थक भिड़े, फेंकी कुर्सियां



**चंडीगढ़।** पंजाब के बठिंडा में शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के एक प्रोग्राम के दौरान पार्टी वर्कर्स आपस में भिड़ गए। मामला इतना बढ़ गया कि उन्होंने आपस में एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं। यह कार्यक्रम एक निजी रिजॉर्ट में रखा गया था। इस घटना के कुछ वीडियो और फोटो सामने आए हैं, जिनमें पार्टी वर्कर्स एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकते हुए नजर आ रहे हैं। घटना के बाद पूरे रिजॉर्ट में अफरातफरी मच गई। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने किसी तरह से नेताओं को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम में कुछ ही देर बाद बठिंडा से पार्टी की घोषित उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल आने वाली थीं। उनके आने से पहले ही यह विवाद हो गया, जिसके चलते कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, शिरोमणि अकाली दल के यूथ विंग के नेताओं ने उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसमें वे शिरोमणि अकाली दल की उम्मीदवार हरसिमरत कौर के लिए कैंपेनिंग कर रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि स्टेज के पास मौजूद कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकने लगे। हालांकि, विवाद के समय कोई मुख्य नेता मौके पर मौजूद नहीं था। जब विवाद की जानकारी नेताओं को हुई तो उन्होंने कार्यक्रम की स्थगित कर दिया। बता दें कि इसके पहले 14 अप्रैल को पंजाब के लुधियाना में भाजपा समर्थकों के आपस में भिड़ने की घटना घटी थी। लुधियाना में भाजपा की ओर से बूथ स्तर की मीटिंग का आयोजन किया गया था। इस मीटिंग में भाजपा के सीनियर नेता हरजीत सिंह ग्रेवाल मौके पर मौजूद थे।

# उडुपी में डेंगू ने मचाया कहर, जिले में शुरू हुआ लार्वा सर्वेक्षण




**उडुपी।** कर्नाटक के उडुपी में डेंगू तेजी अपना पैर पसार रहा है। जिले में डेंगू बुखार के मामलों में चिंताजनक वृद्धि के बाद स्वास्थ्य अधिकारी सतर्क हो गए हैं। इस साल जनवरी से अब तक उडुपी में डेंगू के 47 मामले सामने आए हैं। वहीं, पिछले साल जिले में इसके 635 मामले सामने आए थे। इस बीच, स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसके प्रकोप से निपटने के लिए जिले में बड़े स्तर पर लार्वा सर्वेक्षण शुरू किया है। हाल ही में जिले में हुई बारिश के बाद इसके मामलों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि शहरी क्षेत्रों में लार्वा संक्रमण के अधिक होने की संभावना है। विभाग जिले भर में लार्वा विरोधी और मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम चला रहा है। उडुपी के जिला वेक्टर-जनित रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ प्रशांत भट्ट ने कहा कि लार्वा आमतौर पर अप्रयुक्त मीठे पानी, एयर कूलर और बेकार पड़े टायरों में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके रोकने के लिए प्रजनन स्थलों का शीघ्र पता लगाना और उन्हें खत्म करना महत्वपूर्ण है। मालूम हो कि पिछले कुछ सालों के दौरान जिले में डेंगू के मामलों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। जिले में साल 2022 में 513, 2021 में 380, 2020 में 139 मामले सामने आए।

## पृष्ठ एक का शेष

### भाजपा की ओर ...

गान हवा में गूंज रहा था, जिसमें खराब मौसम के बावजूद हजारों लोग एकत्र हुए थे। बारिश के बीच, मुख्यमंत्री ने विकास और प्रगति की आवश्यकता पर जोर देते हुए क्षेत्र के लिए अपना दृष्टिकोण व्यक्त किया। अपने भाषण में मुख्यमंत्री शर्मा ने कथित कमियों और विफलताओं को उजागर करते हुए बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) की आलोचना की। उन्होंने बेरोजगारी और बुनियादी ढांचे की कमी जैसे मुद्दों को संबोधित करने का वादा किया, जिसमें फकीराग्राम में एक रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण और सड़क विकास परियोजनाओं के साथ-साथ स्थानीय रेलवे स्टेशन के उन्नयन सहित कई पहल शामिल हैं। जनता की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने के लिए, मुख्यमंत्री ने कई वादों की घोषणा की, जिसमें राशन कार्ड रखने वाले परिवारों को *अरुणोदोई* लाभ का प्रावधान और 50,000 नौकरी के अवसर पैदा करने की प्रतिबद्धता शामिल है। इसके अतिरिक्त, कॉलेज के छात्रों को शैक्षणिक संस्थानों में नामांकित लोगों के खातों में दस हजार रुपए जमा करने की प्रतिज्ञा के साथ वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया गया।

### परेश बरुवा को...

संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पूर्व रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बोड़ोलैंड में अब पूरी तरह शांति है। अब यहां कोई बंदूक से वोट नहीं मांगता है। सभी हाथ जोड़कर वोट मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण ही आज बोड़ोलैंड में शांति और प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद बोड़ोलैंड क्षेत्र की सभी महिलाओं को अरुणोदय योजना के तहत शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 50 हजार सरकारी नौकरियां देने की व्यवस्था चुनाव के बाद की जाएगी। उन्होंने बोड़ोलैंड के छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे नौकरियों के लिए आवेदन करें। मुख्यमंत्री ने अपील की कि ट्रैक्टर के चिन्ह पर बटन दबाकर एनडीए तथा यूपीपीएल के प्रत्याशी को विजयी बनावें।

### आज अमित शाह का...

अनुसार राजधानी के लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जालुकबाड़ी- मालीगांव- साइकिल फैक्ट्री तीनाली- लाल गणेश तक इस मार्ग पर यह निषेधाज्ञा जारी रहेगी।

### करीमगंज में बूथ ...

कर 32 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की। कुछ मतदान केंद्रों में दोष, क्षति, छेड़छाड़ और यांत्रिक विफलताओं का हवाला देते हुए, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 58 (2) (ए) और 58 (ए) के तहत याचिका दायर की गई थी। रिटर्निंग ऑफिसर को लिखे पत्र में, चौधरी ने धांधली, बूथ कैप्चरिंग और यांत्रिक विफलताओं के उदाहरणों पर प्रकाश डाला, जिसमें कहा गया कि प्रभावित मतदान केंद्रों के वास्तविक परिणामों का पता नहीं लगाया जा सका। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 58(2)(ए) और 58ए के तहत पुनर्मतदान की मांग निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने से संबंधित है। कांग्रेस ने जिन मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की है उनमें उत्तरी करीमगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संख्या 24, 161, 230, 269, 270, 271, 272 और 273 और दक्षिण करीमगंज के अंतर्गत संख्या 99, 255 और 260 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पथारकांदी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन क्रमांक 24, 55, 158, 161, 166, 167, 169, 170, 171, 172, 173 और 174, साथ ही स्टेशन क्रमांक 179, 180, 202, 203, 205, 206 रामकृष्णनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत, 222, 224 और 232 को पुनर्मतदान के लिए सूचीबद्ध किया गया है। पुनर्मतदान की मांग कथित अनियमितताओं को दूर करने और करीमगंज में चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने के कांग्रेस के प्रयासों को रेखांकित करती है। जैसे ही मामला सामने आएगा, अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे आरोपों की जांच करें और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

### कांग्रेस ने अब्दुर रशीद...

लिए सोमवार तक का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर वह निर्धारित समय के भीतर जवाब देने में विफल रहते हैं, तो पार्टी नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेगी। मंडल दावा कर रहे हैं कि पार्टी के धुबड़ी उम्मीदवार रकीबुल हुसैन प्रचार के दौरान उनकी उपेक्षा कर रहे हैं। धुबड़ी में तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा।

### नहीं थम रही ...

के बंद का आह्वान किया है। खबरों के अनुसार स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए संयुक्त केंद्रीय और राज्य सुरक्षा बलों की टुकड़ी क्षेत्र में पहुंच गई है। इससे पहले बिष्णुपुर जिले में शनिवार तड़के आईआरबीएन (इंडिया रिजर्व बटालियन) के कैंप पर कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए। हमले में दो अन्य जवान घायल हुए हैं। उग्रवादियों ने कैंप को निशाना बनाते हुए पहाड़ी की चोटियों से अंधाधुंध गोलीबारी की। उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फट गया। सीआरपीएफ जवानों को आईआरबीएन कैंप की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। इस हमले में प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों की पहचान असम के कोकराझार जिले के निवासी सब-इंस्पेक्टर एन.सरकार और बंगाल के बांकुरा जिले के हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास गोलियों के छर्रे लगने से घायल हैं। वहींस एएनआई के अनुसार उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों के बलिदान के बाद सीआरपीएफ के महानिरीक्षक अखिलेश प्रसाद सिंह ने रविवार को कहा कि बहुत जल्द हमलावरों की पहचान की जाएगी और उन्हें दंडित किया जाएगा।

### एससी, एसटी और ...

आईएनडीआईए पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अब तक हुए दो चरणों के चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन साफ हो गया है। इस गठबंधन के प्रमुख घटक दल सपा को एक भी सीट मिलती हुई नहीं दिख रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि राजू भैया को सांसद बनाओ, बड़ा आदमी बनाने का काम भाजपा करेगी। अब आपको तय करना है राम मंदिर बनाने वाले को वोट देना है या फिर रामभक्तों पर गोली चलाने वालों को। कांग्रेस और सपा ने राम मंदिर के निर्माण को अटकाकर, भटकाकर और लटकाकर रखा। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य भूमिका निभाई। जनसभा को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने भी संबोधित किया। लोकसभा प्रत्याशी राजवीर सिंह ने अमित शाह का स्वागत किया। राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि भाजपा नेताओं और मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफ हो गया है कि उनका उद्देश्य संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना है। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना है, लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है।

### आरएसएस ने आरक्षण ...

पांच चरण अभी बाकी हैं। हालांकि, संघ का साफ कहना है कि वह किसी भी प्रकार से राजनीति में नहीं है। इसके पहले भी कई पार्टियों के नेता भाजपा और आरएएस पर आरोप लगाते रहे हैं कि वे आरक्षण खत्म कर देंगे। वहीं, अब चुनावी समय में इसी दावे के साथ वीडियो सर्कुलेट हो रहा है, जिस पर मोहन भागवत ने सफाई दी है। मोहन भागवत ने कहा कि कल मैं यहां आया तो पता चला एक वीडियो घूम रहा है, जिसमें कहा जा रहा है संघ वाले बाहर तो आरक्षण की बात करते हैं, लेकिन अंदर आरक्षण का विरोध है, बाहर हम बोल नहीं सकते। ये एकदम असत्य बात है, गलत बात है। जब से आरक्षण आया है, तब से संविधान सम्मत आरक्षण को संघ पूर्ण समर्थन देता है और कहता है कि आरक्षण जिनके लिए है, उनको जब तक आवश्यक लगेगा या सामाजिक कारणों से दिया गया है। वो भेदभाव जब तक है तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। एक शैक्षणिक संस्थान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि संघ की राय है कि जब तक जरूरत हो तब तक आरक्षण बढ़ाया जाना चाहिए। भागवत का यह बयान आरक्षण को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच चल रहे वाकयुद्ध के बीच आया है।

### तीताबर में नशे ...

नामक एक युवा लड़के को कार ने टक्कर मार दी। इसके बाद, पुलिसकर्मी ने कथित तौर पर चाय की पत्तियों का परिवहन करने वाले एक वाहन के चालक के साथ मारपीट की और हिंसक इरादों से उसके सहयोगी का पीछा किया। स्थिति तब बिगड़ गई जब नशे में धुत पुलिसकर्मी ने घातक बल का प्रयोग करने की धमकी दी, जिसके बाद स्थानीय लोगों को हस्तक्षेप करना पड़ा और वाहन को पकड़ना पड़ा। बताया जाता है कि आरोपी पुलिसकर्मी प्रांजल सैकिया तिताबर के अमगुरीघाट पाटिया गांव का रहने वाला है और फिलहाल होजाई जिले में तैनात है। घटनाओं के एक परेशान करने वाले मोड़ में, घायल जावेद रहमान के बड़े भाई को मृगेन नाम के एक व्यक्ति से फोन पर धमकी मिली, जिसमें प्रांजल सैकिया के खिलाफ पुलिस से मामला वापस नहीं लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई। पीड़िता ने मामले को तिताबर पुलिस के पास ले जाकर न्याय और पूरी घटना से निजात दिलाने की मांग की है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य कदाचार को संबोधित करना और विवाद में शामिल लोगों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

### तुम्हारे लिए ये ...

बातचीत छह सप्ताह के संघर्षविराम प्रस्ताव और इजराइली जेलों में बंद सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को मुक्त करने के बदले में 40 नागरिकों और बीमार बंधकों की रिहाई पर केंद्रित थी। मिस्र के एक अधिकारी के अनुसार, हमास का बयान मिस्र के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के इजराइल दौरे के पूरा होने के कुछ घंटों बाद आया। मिस्र के प्रतिनिधिमंडल ने गाजा में लंबे समय तक संघर्षविराम के लिए *नए दृष्टिकोण* पर चर्चा की। यह हालांकि फिलहाल स्पष्ट नहीं है कि संघर्षविराम पर हमास के प्रति इजराइल की नवीनतम प्रतिक्रिया सीधे तौर पर मिस्र के मध्यस्थों की शुक्रवार की तेल अवीव यात्रा से संबंधित है या नहीं। बता दें कि राफा इस समय विस्थापित फिलिस्तीनियों के लिए अंतिम शरणस्थली बना हुआ है। एक शीर्ष इजरायली अधिकारी ने कहा है कि मिस्र हमास पर समझौते के लिए दबाव डालने को तैयार है लेकिन इजरायल की ओर से राफा में आगे बढ़ने के इरादे गंभीर हैं। अधिकारी ने कहा कि इजरायल हमास द्वारा किसी भी देरी के लिए सहमत नहीं होगा। हमास नेता याह्या सिनवार बंधकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं, जिनके बारे में माना जाता है कि वे एक सुरंग नेटवर्क में छिपे हुए हैं। सूत्र ने कहा कि इजरायली सेना के राफा में जाने से पहले हमास के लिए यह आखिरी मौका है। वह या तो डील को मानेंगे या फिर उनको राफा में हमला देखना होगा।

### दक्षिणी राज्यों में ...

निलंबित करने का फैसला किया है। पलक्कड़ जिले के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 90 वर्षीय महिला रविवार को एलाप्पुल्ली गांव में एक नहर में मृत पाई गई। मनोभ्रंश की रोगी महिला को अपने घर से बाहर निकलने के बाद लू लग गई थी। स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि उसके पोस्टमार्टम में उसके शरीर पर जलने के घाव पाए गए, जिससे सनस्ट्रोक की पुष्टि हुई है। पिछले सप्ताह जिले में एक व्यक्ति जली हुई हालत में मृत पाया गया था। अधिकारी ने कहा कि लोगों को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच अपने घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी गई। आईएमडी और केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, कोल्लम, पलक्कड़ और त्रिशूर जिलों के कुछ क्षेत्रों में लू चलने की संभावना है। पलक्कड़ जिले में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस, कोल्लम और त्रिशूर जिलों में 40 डिग्री सेल्सियस, कोट्टायम, पथानामथिट्टा, कोझीकोड और कन्नूर जिलों में 38 डिग्री सेल्सियस और अलाप्पुझा, एर्नाकुलम में 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि मलप्पुरम और कासरगोड जिले और तिरुवनंतपुरम जिले में 28 अप्रैल से 2 मई, 2024 के दौरान लगभग 36 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर) के आसपास रहने की संभावना है। मौसम एजेंसियों के मुताबिक, ऊंचे तापमान और आर्द्रता के स्तर के कारण 28 अप्रैल से 2 मई तक पहाड़ी क्षेत्रों को छोड़कर इन जिलों में गर्म और आर्द्र मौसम की स्थिति का अनुभव होने की उम्मीद है। एजेंसियों ने कहा कि इसके अतिरिक्त, विशेष रूप से 28 और 29 अप्रैल को कोल्लम, पलक्कड़ और त्रिशूर जिलों के भीतर एक या दो स्थानों पर हीटवेव की स्थिति होने की संभावना है।

### संदेशखाली ममता बनर्जी...

फैला रखी है। उन्होंने पूछा कि क्या ममता बनर्जी जनता को डराकर, उनकी जान लेकर चुनाव जीतेंगी। क्या नेताजी सुभाष चंद्र बोस, रवीन्द्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरबिंदो जैसे मनीषियों ने ऐसे बंगाल की कल्पना की थी। संदेशखाली में जनता की रक्षा के लिए एनएसजी कमांडो को भी उतरना पड़ा। ममता दीदी, यदि आपको ऐसा लगता है कि आप ऐसा करके चुनाव जीत जाएंगी तो ये आपकी भूल है। जनता आपको इसका करारा जवाब देगी। नड्डा ने कहा कि हमने देखा कि ममता सरकार में तृणमूल कांग्रेस के शाहजहां शेख जैसे असामाजिक तत्व संदेशखाली में महिलाओं के अस्तित्व पर खतरा बने हुए हैं। महिलाओं के साथ जिस तरह का सलूक हो रहा है वह सच में बहुत ही संवेदनशील और कष्टदायी है। उन्होंने लोगों से राज्य में सरकार बदलने की अपील की। मुर्शिदाबाद के बाद भाजपा अध्यक्ष ने नदिया जिले के राणाघाट में भी एक जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने मकपा, कांग्रेस और तृणमूल पर एक साथ हमला बोला। उन्होंने कहा कि तीनों एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं और तीनों पार्टियों का मकसद देश को कमजोर करना है। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार से जो भी फंड राज्य के लोगों के लिए आवंटित होता है उसे तृणमूल के नेता खा जाते हैं और उसका कोई हिसाब नहीं देते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर विशेष समुदाय को दिया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस, माकपा और तृणमूल तीनों की एक ही नीति है तुष्टीकरण, भेदभाव और आतंकवादियों के साथ नरमी बरतना। दूसरी तरफ नरेन्द्र मोदी की सरकार हमारे देश पर बुरी नजर डालने पर पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक कर जवाब देती है। नड्डा ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जिक्र करते हुए कहा कि एक देश में दो निशान, दो विधान दो प्रधान के विरोध में अपना बलिदान दे दिया था और भाजपा की मजबूत सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया।

### सास के प्यार में ...

उस दिन से ही उसने मेरे साथ रहने का फैसला कर लिया था। मेरे बेटे से शादी, तो सिर्फ एक बहाना था। असल में तो उसे मेरे साथ ही जिंदगी बितानी थी। सास ने कहा कि बहू मुझे मेरे पति के साथ भी नहीं रहने देती। कहती है तुम सिर्फ मेरी हो और तुम्हें मेरे साथ ही रहना होगा। सास ने आरोप लगाया कि बहू ने मेरे साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने की भी कोशिश की। मुझे धमकी देती है कि मैं तुम्हें बेहोशी की दवा देकर ऐसा कुछ कर दूंगी कि कहीं भी मुंह दिखाने के लायक नहीं बचोगी। एसएसपी के सास ने बताया कि मैंने बहू से कहा कि हम सास-बहू हैं। जब मैं उसे कहती हूं कि ये गलत है, तो वह ऐसी कई लड़कियों का उदाहरण देने लगती है, जो आपस में शादी करके साथ रह रही हैं। सास ने कहा कि उसकी बहू उसे गंदी-गंदी वीडियो दिखाती है। बहूत कहती है कि अगर तुम ऐसा नहीं करोगी, तो मैं आत्महत्या कर लूंगी। घर में झगड़ा करूंगी। हमारा पूरा घर इस लड़की से परेशान हो चुका है। हम इससे छुटकारा पाना चाहते हैं, लेकिन लड़की के घरवाले उल्टा हमसे ही 20 लाख रुपए मांग रहे हैं। वहीं, पति का कहना है कि उसकी पत्नी उसके साथ नहीं, उसकी मां के साथ रहना चाहती है। वह कहती है कि उसे मुझमें कोई दिलचस्पी नहीं है। उसे बस मेरी मां के साथ ही रहना है।

### गुजरात में 86 किलो...

किया है। इन पाकिस्तानियों को पोरबंदर लाकर पूछताछ की जा रही है। इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध एक पाकिस्तानी नाव का पकड़ लिया। इस नाव की तलाशी लेने पर 86 किलो ड्रग्स मिला। सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी नाव पर सवार 14 पाकिस्तानी क्रू मेंबर को पकड़ लिया। इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए भारतीय कोस्टगार्ड ने जहाजों और एयरक्राफ्ट तैनात किए थे। इनमें आईसीजी जहाज राजरतन थी शामिल था। जिसमें एनसीबी और एटीएस के अधिकारी थे, जिन्होंने संदिग्ध नाव की पहचान की। जहाज पर तैनात विशेषज्ञों की टीम संदिग्ध नाव की पूरी तरह से जांच-पड़ताल की। इसके बाद ड्रग्स को जखीरा बरामद हुआ। पाकिस्तानी नाव के क्रू मेंबर को कड़कर पूछताछ के लिए पोरबंदर लाया गया है।

### बच्चों को बेचने ...

करने वाली महिलाओं की मदद से चलाया जा रहा था। इस मामले में अब तक वंदना पवार, शीतल वारे, स्नेहा सूर्यवंशी, नसीमा खान, लता सुरवाडे, शरद देवार और डॉ संजय खंडारे को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को कोर्ट ने सात दिनों तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। अब तक की जांच में पता चला है कि इस गिरोह के जरिए 14 बच्चों को बेचे जाने की जानकारी मिली है, इनमें 11 लड़के और तीन लड़कियां हैं।

## मेघालय में भारी मात्रा में हेरोइन के साथ कूकी तस्कर गिरफ्तार

**शिलांग ( हिंस )।** मेघालय में पुलिस ने मणिपुर से आ रहे एक कूकी तस्कर को भारी मात्रा में हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ईस्ट जयंतिया हिल्स पुलिस ने कछार सीमा के राताचेरा चेक पोस्ट पर छापे के दौरान मणिपुर से आ रहे एक वाहन से हेरोइन के 84 बक्से जब्त किए। बिना नंबर प्लेट के महिंद्रा पिकअप गाड़ी में हेरोइन को ड्रम में छिपाकर रखा गया था। पता चला है कि साबुन के डिब्बों से जब्त हेरोइन का वजन 897 ग्राम है। पुलिस ने वाहन चालक और मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के निवासी नेहतिन मांग हाओकिप (36) को प्रतिबंधित हेरोइन की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार ड्राइवर ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि हेरोइन मणिपुर के चुराचांदपुर से डिलीवरी के लिए शिलांग लाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि जब्त हेरोइन की कीमत 7.2 करोड़ रुपए आंकी गई है।

# भूपेन बोरा ने तोड़ा इंडी गठबंधन : आप

**गुवाहाटी ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भबेन चौधरी ने आरोप लगाया है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने डंडी गठबंधन को तोड़ दिया। वे रविवार को राजधानी के गणेशगुड़ी स्थित प्रदेश कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को असम आए थे और गुवाहाटी हवाई अड्डे के पास एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। खड़गे के साथ एक तरफ जितेंद्र सिंह और दूसरी तरफ असम कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा थे। खड़गे के पास एक पत्रकार द्वारा खड़गे से पूछे गए सवाल का जवाब नहीं था। इसलिए उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोरा से जवाब देने को कहा। भूपेन बोरा ने बोलने से पहले कांग्रेस महासचिव जितेंद्र सिंह की अनुमति से जो कहा, वह बहुत भ्रामक और भड़काऊ है। आप अध्यक्ष ने कहा कि डिब्रूगढ़ सीट पर इस बार विपक्ष के ऐक्य मंच से दो उम्मीदवार थे- एक आम आदमी पार्टी के मनोज धनवार और दूसरे असम जातीय परिषद के लुरिनज्योति गोगोई। असम में विपक्षी ऐक्य मंच की सीटों को साझा करने वाली बैठकें लगभग आठ महीने तक चलीं, लेकिन कुछ रहस्यमय कारणों से असम में कांग्रेस ने इसे तोड़ दिया। असम कांग्रेस



अध्यक्ष रहस्यमय कारणों से इसे समेटने में विफल रहे। इसलिए विपक्षी दल के लखीमपुर, डिब्रूगढ़, शोणितपुर, बरपेटा आदि में दो-दो उम्मीदवार थे। अब सब ठीक था। विपक्षी ऐक्य मंच के अध्यक्ष के तौर पर वह सहयोगियों के साथ लोकसभा सीटों पर मोलभाव नहीं कर पाए और यह उनकी नाकामी रही और विपक्षी ऐक्य मंच के अध्यक्ष के तौर पर उन्हें यह बात स्वीकार करनी पड़ी। उन्होंने डिब्रूगढ़ के एक उम्मीदवार को लेकर इस तरह सरेआम झूठ बोला, इसकी क्या रहस्यमय वजह है? भूपेन बोरा ने क्यों झूठ कहा कि आप के नेता से इस विषय में उनकी बात हुई है? आप अध्यक्ष ने सवाल पूछा कि भूपेन बोरा कब, कहां और किस आप नेता से मुलाकात किया, सभी को बताएं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह भी इस झूठ में शामिल हो गए, इसलिए उन्हें भी स्पष्टीकरण देनी चाहिए। असम कांग्रेस अध्यक्ष का बयान काफी भ्रामक है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा पर आप अध्यक्ष ने मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दे पाने का आरोप लगाया। यह बयान एक बात साबित करता है कि भूपेन बोरा मुख्य साजिशकर्ता हैं, जिन्होंने असम में इंडी गठबंधन या विपक्षी एकता को विफल किया है।

## भारी मात्रा में हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के खानापाड़ा इलाके में भारी मात्रा में हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसटीएफ द्वारा आज दी गई औपचारिक सूचना के अनुसार असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि त्रिपुरा और मणिपुर के कुछ नशीले पदार्थों के तस्करों ने भारी मात्रा में नशीले पदार्थों को लाने की योजना बनाई है। जालुकबाड़ी के कुछ तस्कर इसमें शामिल हैं। जानकारी को सत्यापित और क्रॉस सत्यापित किया गया। एसटीएफ के आईजीपी पार्थसारथी महंत की देखरेख तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्याण कुमार पाठक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

## निलंबित कांग्रेस विधायक शेरमान अली ने एआईयूडीएफ के लिए किया चुनाव प्रचार

**नगरबेड़ा ( विभास )।** जैसे-जैसे तीसरे चरण के चुनाव का दिन करीब आ रहा है, एआईयूडीएफ पार्टी धुबड़ी लोकसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चुनाव अभियान शुरू करके मतदाताओं का दिल जीतने की पूरी कोशिश कर रही है। एआईयूडीएफ के कार्यकर्ता पार्टी उम्मीदवार बदरुद्दीन अजमल को जीताने के लिए दिन-रात मतदाताओं के पास जाकर वोट मांगते नजर आ रहे हैं। बागबर विधानसभा क्षेत्र से विधायक और कांग्रेस पार्टी के निलंबित विधायक शेरमान अली अहमद ने नंबर 2 धुबड़ी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बाघमारा चर बाजार परिसर में बदरुद्दीन अजमल के लिए प्रचार किया। चुनाव प्रचार रैली में विधायक ने कहा कि अगर आप बदरुद्दीन अजमल को वोट दे सकते हैं तो कम



से कम ब्रह्मपुत्र नदी पर डोंगरा से नगरबेरा तक, जलजली नदी पर बने पुल और बाघमारा चर में अजमल कॉलेज बनने के कुछ उम्मीद तो की जा सकती। विधायक ने कड़ी से कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि रकीबुल हुसैन 16 साल तक मंत्री रहने के बाद क्या किया। बीटीएडी में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान मंत्री के मुंह से विरोध की एक भी आवाज नहीं निकली। अपने भाषण में शेरमान ने इस बात का जिक्र किया कि अगर रॉकी जीतते हैं तो वह असम में एक और राम मंदिर बनाकर बड़ा नेता बनना चाहेंगे। चुनावी रैली में विधायक ने लोगों से आह्वान किया कि बदरुद्दीन अजमल ने शिक्षा, चिकित्सा सेवाओं, गरीबों के लिए सड़कों के विकास के लिए बहुत काम किया है, इसलिए अल्पसंख्यक लोगों के विकास के हित में बदरुद्दीन अजमल को भारी अंतर से जीतना चाहिए। विधायक ने बदरुद्दीन अजमल के लिए खोलाबंदा पाथीमारी जनप्रिय मार्केट, कराईखैती मार्केट, बाघमारा चर बाजार, आलोपति माजर चर आंचलिक मार्केट और चेंगा निर्वाचन क्षेत्र के अन्य हिस्सों में प्रचार किया।

## फकीराग्राम में कांग्रेस का चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन



**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम अंचल के कूदालधोवा में आज कांग्रेस ने चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन किया। एक नंबर कोकराझाड़ लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस दल के पार्थी गिजेन मुसाहारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। यहां कांग्रेस के नेता बारेक अहमद सहित कई अतिथिगण उपस्थित थे। साथ ही यहां एक सभा आयोजित हुई। इस सभा में गिजेन मुसाहारी ने बीजीपी, यूपीपीएल और बीपीएफ दल का आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस की जीत पक्की है।

## रंगिया : योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास आयोजित

**रंगिया ( विभास )।** आगामी योग दिवस के उपलक्ष्य में रंगिया की अग्रणी स्वेच्छासेवी संस्था साधना द्वारा स्थानीय साधना योग महाविद्यालय के सहयोग से रविवार को प्रात: 5-15 बजे से 6-45 बजे तक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रंगिया तिनाली स्थित पदुम पुखुरी उद्यान प्रांगन में आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित योगाभ्यास किया। इसके अलावा संस्था के सचिव योगाचार्य ज्योतिष कलिता के नेतृत्व में रंगिया के ऐतिहासिक कृषक शहीद भवन प्रांगण में सुबह 7-45 से 9-15



बजे तक एक विशेष रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गीत, कविता, नृत्य, खेल, कहानियां, योगासन, प्राणायाम आदि के माध्यम से बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को उजागर किया गया। इस मौके पर योगाचार्य ज्योतिष कलिता ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम द्वारा बच्चों को स्वस्थ और सुशिक्षित नागरिक बनने की ओर ले जाने का एक प्रयास है। जिससे बच्चों की प्रतिभा के विकास के साथ इसके लिए उन्हें एक मंच प्राप्त होता है।

## आग में छह दुकानें जलकर राख

**नगांव ( हिंस )।** जिले के धिंग बाजार में लगी भीषण आग में छह दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह आग कपड़े की दुकान से लगी। शॉर्ट सर्किट के कारण लगी इस आग की चपेट में देखते ही देखते छह दुकानें आ गईं। दुकानों में मौजूद लाखों रुपए के सामान जल गये। घटना की सूचना पाकर पहुंची धिंग पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर आखिरकार काबू पाया गया। पुलिस ने इस संदर्भ में एक प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## छठा प्रैक्टिकल एंडोक्रिनोलॉजी सम्मेलन संपन्न

**गुवाहाटी।** महानगर के खानापाड़ा स्थित होटल ताज विवांता में आज छठा प्रैक्टिकल एंडोक्रिनोलॉजी सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। यह मधुमेह और एंडोक्राइनोलॉजी पर उत्तर पूर्व का सबसे प्रमुख कार्यक्रम है। दिन भर चले इस सम्मेलन में आयोजित अलग अलग सत्रों में मधुमेह, थायराइड और अन्य हार्मोन प्रबंधन के नवीनतम उपचार, युक्तियां और नुकसान पर व्यावहारिक तरीके से चर्चा की गई। इस सम्मेलन की शुरुआत 2018 में की गई और इसकी निष्पक्ष गुणवत्ता, सफलता तथा सकारात्मक नतीजे सामने आए। इस वर्ष आयोजित कार्यक्रम में 25 से अधिक राष्ट्रीय संकाय सदस्यों ने अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करने के लिए गुवाहाटी सम्मेलन में एकत्रित हुए। स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक ओपन माइक सत्र और एपोस्टर सत्र का



आयोजन किया गया, जो वास्तव में काफी उल्लेखनीय रहा। डॉ. हर्षा भट्टाचार्जी, डॉ. नोमल चंद्र बोरा, डॉ. तन्मय दास व डॉ. दुलाल चंद्र बोरकोटोकी जैसे दिग्गजों को उत्तर पूर्व के लोगों की सेवा में उनके योगदान के लिए *डायबिटीज पर्स्ल* सत्र में सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन डॉ. मिथुन भरतिया के दिमाग की उपज है, जिन्होंने ब्रिटेन में 12 साल से अधिक समय बिताया था। उन्होंने पूर्वोत्तर के लोगों की सेवा के लिए संरचित चिकित्सा शिक्षा और साक्ष्य आधारित उपचार लाने के लिए ब्रिटेन से असम वापस आने का फैसला किया। एंडोक्रिनोलॉजिस्ट और पूर्वोत्तर के एकमात्र सेक्सोलॉजिस्ट डॉ. मिथुन भरतिया ने चर्चा की कि यौन रोग कैसे जीवन को प्रभावित करता है और चिकित्सक अपने रोगियों की सहायता कैसे कर सकते हैं। इस बैठक को इसकी वैज्ञानिक सामग्री के कारण देश में बहुत उच्च दर्जा दिया गया है। यह सिद्धांत और व्यवहार के साथ सही संतुलन बनाता है और इसका उद्देश्य मधुमेह और एंडोक्रिनोलॉजी मामलों के प्रबंधन में हाल की प्रगति के साथ पूर्वोत्तर के स्थानीय डॉक्टरों को उन्नत करना है। डॉ. मिथुन भरतिया के गुरु डॉ. बंशी साबू इस कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राजकुमार भरतिया हैं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में जानमाने चिकित्सकों ने हिस्सा लिया।

## टैक्स बार एसोसिएशन, गुवाहाटी ने एक स्टडी सर्कल बैठक का किया आयोजन

**गुवाहाटी।** टैक्स बार एसोसिएशन, गुवाहाटी ने 27 अप्रैल, 2024 को होटल एपी होम्स, गुवाहाटी में *आकलन वर्ष 2024-25 के लिए नए आयकर रिटर्न फॉर्म और एक्सेल के साथ सारांश और विश्लेषण* विषयों पर एक स्टडी सर्कल बैठक का आयोजन किया। बैठक की शुरुआत स्टडी सर्कल कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट किशोर जैन ने अपने स्वागत भाषण से की। बैठक की अध्यक्षता टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता ब्रजेश कुमार शर्मा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने बैठक के विषयों के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस बैठक से प्रतिभागियों को विषयों को समझने में मदद मिलेगी। वक्ता सीए अनिल कुमार अग्रवाला ने अपने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से असेसमेंट ईयर 2024-25 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म और फॉर्म नंबर 3सीडी में किए गए बदलावों के बारे में बताया। वक्ता सीए




अंकित जालान ने एक्सेल के विभिन्न टूल के बारे में बताया जिनका उपयोग डेटा को सारांशित और विश्लेषण करने के लिए किया जा सकता है। दोनों वक्ताओं ने अपने-अपने विषयों को शानदार ढंग से समझाया। बैठक में 50 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सचिव, लागत लेखाकार, अधिवक्ता, कर सलाहकार, व्यवसायी और अन्य लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्रश्न उत्तर सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया जिसमें दोनों वक्ताओं ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। प्रतिभागियों ने दोनों वक्ताओं के ज्ञान की सराहना की और साथ ही ऐसी बैठक आयोजित करने के लिए एसोसिएशन की भी सराहना की। बैठक सचिव सीए गोपाल सिंघानिया के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुई। आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में, सचिव सीए गोपाल सिंघानिया ने कहा कि टैक्स बार एसोसिएशन अक्सर महत्वपूर्ण विषयों पर स्टडी सर्कल मीटिंग और सेमिनार आयोजित करता रहता है। यह बैठक एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी ताकि प्रतिभागियों को नए आयकर फॉर्म, टैक्स ऑडिट फॉर्म नंबर 3सीडी में बदलाव और पेशेवरों और अन्य लोगों द्वारा अपना काम आसान बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले एक्सेल के विभिन्न टूल के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि एसोसिएशन शीघ्र ही एक्सेल पर एक पूर्ण-दिवसीय व्यावहारिक कार्यशाला आयोजित करने की योजना बना रहा है।

## जेसीआई, गुवाहाटी पायनियर ने जोन स्तरीय सीएपीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम की मेजबानी की

**गुवाहाटी।** जेसीआई गुवाहाटी पायनियर ने 28 अप्रैल 2024 को अरिष्ट बाय एम्बिशन में जोन स्तरीय सीएपीपी प्रशिक्षण कार्यक्रम की मेजबानी की। पूरे पूर्वोत्तर से 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें जोन 25 में अब तक का सबसे अधिक पंजीकरण हुआ। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष जोन 25 के जोन निदेशक प्रशिक्षण जेसी दीपक जैन थे। पायलट फैकल्टी जेसी कुमार जिल्पेलवार, जेसीआई डिजाइनर और प्रतिष्ठित प्रशिक्षक थे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ऐसे सूक्ष्म विवरणों के साथ संबोधित किया जो किसी भी बैठक की अध्यक्षता करने में सभी की मदद करेंगे। प्रशिक्षण का लक्ष्य सदस्यों को



प्रभावी अध्यक्षता, संसदीय प्रक्रियाओं को जानने और प्रभावी ढंग से बैठक आयोजित करने के बारे में प्रशिक्षित करना था। उपस्थित सदस्यों को प्रशिक्षण से बहुत लाभ हुआ और उन्होंने इस तरह के अद्भुत प्रशिक्षण के संचालन के लिए प्रशिक्षक की सराहना की। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि जेसी शुभम अग्रवाल, जोन अध्यक्ष जोन 25, विशिष्ट अतिथि जेसी स्वेता सोमानी, पूर्व जोन अध्यक्ष, जोन 25, जोन उपाध्यक्ष जेसी मेघना काला, जेसीआई अग्रणी सलाहकार जेसी अमित जैन पाटनी, जोन 25 और जेसीआई बिरादरी के बाहर के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति और नेता भी उपस्थित थे। यह जानकारी जेसीआई गुवाहाटी पायनियर की सचिव जेसी तमन्ना बोथरा ने दी।

## दिगंबर जैन मंदिर की नई कार्यकारिणी गठित, कैलाश काला बने अध्यक्ष

**रंगिया ( निसं )।** श्री दिगंबर जैन मंदिर, रंगिया की नई कार्यकारिणी समिति का गठन गत दिनों किया गया। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए मंदिर प्रांगण में एक आम सभा का अयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय जैन समाज बंधुओं सहित मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मंदिर समिति का कार्यकाल पूरा होने के कारण समिति के पुनर्गठन के लिए विचार-विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसमें समाजबंधुओं ने वरिष्ठ समाजबंधु कैलाशचंद काला को मंदिर संचालन समिति के नये अध्यक्ष के रूप में चयन करने के साथ राज पहाड़िया को सचिव व विजय छाबड़ा को कोषाध्यक्ष के रूप में चयन किया



गया। वहीं नव निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा समिति का विस्तार जल्द ही किये जाने की जानकारी दी गई है। मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक पहाड़िया, मंत्री पद्युम्न बड़जात्या और कोषाध्यक्ष विनोद पांड्या सहित सभी जैन समाज के लोगों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गई। दूसरी ओर नई समिति की ओर से सभी समाजबंधुओं से सहयोग व मार्गदर्शन की कामना की गई है।

## आएलीटा आर्ट एंड क्राफ्ट स्कूल की वार्षिक परीक्षा परिणाम और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

**गुवाहाटी।** आएलिटा आर्ट एंड क्राफ्ट स्कूल की वार्षिक परीक्षा और पुरस्कार वितरण बैठक के परिणाम रविवार को महानगर के सचल शतदल शाखा सभा के कार्यालय के सभागार में आयोजित किए गए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित योगाचार्य शुभाशिष कर ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र छात्राओं के मनमोहक नृत्य गीतों ने उपस्थित लोगों को कायल कर दिया। प्रख्यात कलाकार सदानंद बर्मन के भूपेंद्र संगीत ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सम्मानिय अतिथि के रूप में यूएसटीएम के विज्ञान गुरु डॉ. कमल चौधरी, आनूपूर्विक आर्ट एंड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट के प्राचार्य राजीव दास, अग्रदूत समाचार पत्र के उप संपादक केशव बरुवा, नंदी मिकिर प्राथमिक विद्यालय के




प्रधानाध्यापक अवनी शर्मा ने आकर्षणीय भाषण ने उपस्थित लोगों को उत्साहित किया। प्रकृति प्रेमी मंच के अध्यक्ष हितेश शर्मा, चित्रकार गणेश छेत्री, शतद्रू चौधरी, दैनिक पूर्वोदय समाचार पत्र के स्टाफ रिपोर्टर संतोष दास, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता दिव्यज्योति दास, सचल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के सचिव डॉ. बुधिन सैकिया, गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज के योग थैरेपिस्ट सिक्तादेव कर, असम सरकार के जिला उद्योग और वाणिज्य विभाग के सेवानिवृत संयुक्त आयुक्त,सत्यप्रकाश पेगू ,योग शिक्षक मनजीत दास और प्रकृति प्रेमी मंच के भूपेन दास, मंच के सहायक प्रधान संपादक पार्थ प्रतिम गौतम भी उपस्थित थे और उन्होंने पुरस्कार विजेता छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। विद्यालय के प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतियोगियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए हैं। साथ ही विद्यालय की कक्षा में 100 प्रतिशत उपस्थित छात्र छात्राओं को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष धनंजय तालुकदार द्वारा आयोजित बैठक में विद्यालय की प्रधानाध्यापक प्रोफेसर जोनाकी कलिता तालुकदार ने सभी को धन्यवाद दिया। असम संगीत से सभा का समापन किया गया।

संपादकीय

# मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा

जाति के आधार पर राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रही कांग्रेस को अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चारों ओर से बेनकाब कर दिया है। कांग्रेस अकसर भाजपा पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाती है, जबकि यथार्थ कुछ और है। भाजपा ने कभी भी अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को हाथ नहीं लगाया है। जबकि कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर सदैव टेड़ी नजर रखी है। संविधान में कहीं भी धर्म के आधार पर आरक्षण दिए जाने की नीति नहीं है। लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल करके, पिछड़ा वर्ग के बंधुओं का हिस्सा मुसलमानों को दिया है। राहुल गांधी ने पिछले कुछ समय से पिछड़ा वर्ग का राग बहुत आलापा था। यहाँ तक कि केंद्र में ओबीसी सचिवों की संख्या का मामला उठाकर अपनी सरकारों की नाकामी को मोदी सरकार के माथे पर मढ़ने का प्रयास भी किया था। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि उनकी पार्टी की सरकारों ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को मुस्लिम समुदाय को क्यों दिया? मुस्लिम समुदाय तो कथित तौर पर समानता एवं भाईचारे का संप्रदाय है, फिर वहाँ पिछड़ा वर्ग कहाँ से आया? राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की व्यवस्था के विरुद्ध जाकर मुसलमानों को आरक्षण देने का विचार क्यों आया? क्या यह मुस्लिम तुष्टीकरण की उपज है? लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा से कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोला है। उन्होंने कहा कि "अब कांग्रेस ने ठान लिया है कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण लाकर रहेगी। इसके लिए कांग्रेस ने तरीका निकाला है कि 27 प्रतिशत का ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए। उसे छीन लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए"। वास्तव में देखा जाए तो कांग्रेस का कृत्य संविधान, आरक्षण एवं पिछड़े वर्ग के विरोधी होने के तौर पर दिखायी दे रहा है। क्योंकि भारत का संविधान धर्म के आरधर पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। यदि संविधान की मूल भावना के विरुद्ध जाकर काम किया जाता है, तब यह न केवल संविधान का अपमान होगा अपितु बाबा साहब का भी अपमान होगा। प्रधानमंत्री मोदी के ये आरोप खोखले नहीं हैं। कांग्रेस विभिन्न राज्यों में धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत करती है और कई राज्यों में वह इसे लागू कर चुकी है। केंद्र स्तर पर भी मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में आरक्षण की सुविधा प्राप्त है। कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में कांग्रेस ने विभिन्न समय में तमाम मुसलमानों को ओबीसी में डालकर उनको आरक्षण दिया है। जरा सोचिए, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बाँटने का यह काम किस नियत के साथ किया गया होगा? राजनीतिक गलियारों में कहा जा रहा है कि संविधान और आरक्षण को यदि किसी से खतरा है तो वह है कांग्रेस। कांग्रेस ने सैय्यद, शेख, पठान और मुगल जैसी जातियों को राज्यों में पिछड़ा वर्ग में शामिल करके संविधान की मूल भावना के विरुद्ध कार्य किया। अब कांग्रेस के कई नेता सभी मुसलमान जातियों को ओबीसी यानी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा बता रहे हैं। यदि सभी मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया गया, तब पिछड़ा वर्ग के बंधुओं की क्या स्थिति होगी, यह किसी से छिपी बात नहीं है। याद रखें कि केवल भाजपा ही यह दावा एवं वादा करती है कि उसकी सरकार बनी तो धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। यदि कांग्रेस की नीयत में खोट नहीं है, तब उसके नेताओं को भी आगे आकर कहना चाहिए कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो धर्म के नाम पर दिया गया आरक्षण समाप्त किया जाएगा और भविष्य में ऐसी कोई नीति नहीं बनाई जाएगी, जिससे पिछड़ा वर्ग के बंधुओं का अधिकार मारा जाए।

भाजपा ने कभी भी अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को हाथ नहीं लगाया है। जबकि कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर सदैव टेड़ी नजर रखी है। संविधान में कहीं भी धर्म के आधार पर आरक्षण दिए जाने की नीति नहीं है। लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल करके, पिछड़ा वर्ग के बंधुओं का हिस्सा मुसलमानों को दिया है। राहुल गांधी ने पिछले कुछ समय से पिछड़ा वर्ग का राग बहुत आलापा था। यहाँ तक कि केंद्र में ओबीसी सचिवों की संख्या का मामला उठाकर अपनी सरकारों की नाकामी को मोदी सरकार के माथे पर मढ़ने का प्रयास भी किया था। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि उनकी पार्टी की सरकारों ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को मुस्लिम समुदाय को क्यों दिया? मुस्लिम समुदाय तो कथित तौर पर समानता एवं भाईचारे का संप्रदाय है, फिर वहाँ पिछड़ा वर्ग कहाँ से आया? राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की व्यवस्था के विरुद्ध जाकर मुसलमानों को आरक्षण देने का विचार क्यों आया? क्या यह मुस्लिम तुष्टीकरण की उपज है? लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा से कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोला है।

## कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस

देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़ियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़यि बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं। अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।' कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सततरूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती। भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछडे.हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये। सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे। सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है।



दृष्टि कोण

# कम मतदान होने का सच वही नहीं जो बताया जा रहा है

कम मतदान होने का सच वही नहीं जो बताया जा रहा है लोकसभा चुनाव के पहले चरण के 102 स्थानों का लोकसभा चुनाव संपन्न होने के कईं तरह के आकलन सामने आ रहे हैं। इस दौर में नौ राज्यों तमिलनाडु, उत्तराखंड, अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम ,नगालैंड, सिक्किम तथा तीन वेंद्र शासित प्रदेशों अंडमान, लक्षद्वीप और पुडुचेरी का मतदान संपन्न हो चुका है। हिदी भाषी राज्यों के दृष्टि से देखे तो ऐसे 35 स्थान का चुनाव संपन्न हुआ है जिनमें बिहार के चार, मध्य प्रदेश के 6, राजस्थान के 12, उत्तर प्रदेश के आठ और उत्तराखंड के पांच स्थान शामिल हैं। दक्षिण के राज्य तमिलनाडु के सभी 39 स्थानों पर मतदान संपन्न हो चुका है। माना जा रहा था कि देश के एक बड़े क्षेत्र में मतदान के बाद इसकी प्रवृत्तियों का आकलन करना थोड़ा आसान हो जाएगा। लेकिन मतदान के बाद आम टिप्पणी यही है कि प्रवृत्तियों का आकलन कठिन हुआ है। बहरहाल, इसकी सबसे बड़ी विशेषता रही कि पामि बंगाल को छोड़कर कहीं भी किसी तरह की हिसा की घटना नहीं हुईं। यह बताता है कि देश का चुनाव तंत्र बिल्वुल सहज, सामान्य और सुव्यवस्थित अवस्था में काम कर रहा है। इसका अर्थ यह भी है कि हम कम अवधि और कम चरणों में भी लोकसभा चुनाव को समाप्त कर सकते हैं। सबसे ज्यादा चर्चा मतदान प्रतिशत कम होने को लेकर है और कईं तरह के आकलन किया जा रहे हैं। हालांकि तथ्य नहीं है कि सभी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ज्यादा गिरा है। पामि बंगाल और त्रिपुरा में ज्यादा मतदान हुए तो बिहार और उत्तराखंड में अत्यंत कम। इन दो राज्यों में भी अलग-अलग क्षेत्र को देखें तो कहीं ज्यादा तो कहीं कम मतदान हुआ है। एक बार राज्य, मतदान प्रतिशत को देखें। उत्तर प्रदेश में 2019 के 63.88 के मुकाबले 60.25}, उत्तराखंड में 61.88 प्रतिशत के मुकाबले 55.89}, मध्य प्रदेश में 67.08}, छत्तीसगढ़ में 65.80 की जगह 67.56 प्रतिशत, राजस्थान में 63.71 की जगह 57.26 प्रतिशत, बिहार में 53.47} की जगह 48.88}, पामि बंगाल में 83.7 9} की जगह 80.55}, महाराष्ट्र में 63.04} की जगह 61.87} तमिलनाडु के सभी 39 क्षेत्र में 69.46 प्रतिशत, असम में 78.23} की जगह, 75.95}, अरुणाचल में 67} की जगह 72.74}, मणिपुर में 78.20} की जगह 72.117}, मेघालय में 67.15} की जगह 74.5 0}, मिजोरम में 63.02} की जगह 56. 6 0}, नागालैंड में 83.12 प्रतिशत की जगह 56.91}, त्रिपुरा में 83.12} की जगह 81.62} सिक्किम में 78.119} की जगह 80.003}, पुडुचेरी में 81.19} की जगह 78.80}, अंडमान निकोबार में 64.85} की जगह 63.99}, लक्षद्वीप में 84.96} की जगह 83.88}, जम्मू कश्मीर में 57.35 प्रतिशत की जगह 68 प्रतिशत मतदान हुआ। तो एक- दो स्थान को छोड़कर ज्यादातर जगहों में मतदान गिरा है। उत्तर प्रदेश में 2019 के मुकाबले लगभग 5.30 प्रतिशत कम मतदान हुआ। सबसे अधिक 83.88 प्रतिशत मतदान लक्षद्वीप सीट पर तो बंगाल के जलपाईंगुड़ी में 82.15} मतदान हुआ। हिसा के शिकार मणिपुर में मतदान कम नहीं माना जा सकता है। वुल मिलाकर इन क्षेत्रों में 2019 में औसत मतदान 69.43} से ज्यादा हुआ था। चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के अनुसार यह करीब 68.29 प्रतिशत है। यानी करीब 1.14} कम मतदान हुआ है। तो राष्ट्रीय स्तर पर मतदान में ज्यादा गिरावट नहीं है । 2019 लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान हुआ था। तो यह माना जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में इससे ज्यादा मतदान की संभावना शायद अभी नहीं है। नागालैंड में इसलिए मतदान प्रतिशत ज्यादा गिरा क्योंकि छह जिलों में ईंस्टर्न नगालैंड पीपुल्स प्रंट (ईंएनपीओ) ने अलग राज्य की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। इन छह जिलों के 20 विधानसभा क्षेत्रों में चार लाख से अधिक मतदाता हैं। जब इतनी संख्या में मतदाता मत डालेंगे नहीं तो उसे गिरना ही है। इसे मतदान की प्रवृत्ति नहीं मान सकते। करीब डेढ़ दशक पहले मतदान घटने का अर्थ सत्तारूढ़ घटक की विजय तथा बढ़ने का अर्थ पराजय के रूप में लिया जाता था और प्रायः ऐसा देखा भी गया। किंतु 2010 के बाद प्रवृत्ति बदली है। मतदान बढ़ने के बावजूद सरकारें वापस आईं हैं और घटने के बावजूद गईं है। इसलिए इसके आधार पर कोईं एक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। दूसरे, हर जगह मतदान प्रतिशत ज्यादा गिर भी नहीं है। तीसरे, बंगाल में साफ दिखाईं दे रहा है कि दोनों पक्षों के मतदाताओं में एक दूसरे को हराने और जीताने की प्रतिस्पर्धा है। संदेशखाली से लेकर अन्य मामलों के कारण वहां हिदुओं के बड़े समूह के अंदर ममता बनजा को लेकर आव्रोश है। सबसे ज्यादा चर्चा उत्तर प्रदेश की है तो जरा क्षेत्र के हिसाब से देखें कि कहां कितना मतदान हुआ। सहारनपुर में पिछली बार 70.87} हुआ था जबकि इस बार 68.99}, पीलीभीत में 67.41 की जगह 63.70, मुरादाबाद में 65.46 की जगह 62.05, वैराना में 67.45 की जगह 61.5 , नगीना में 63.66 की जगह असर दशमलव 54, मुजफ्फरनगर में 80.42 की जगह 58.5, बिजनौर में 66.022 की जगह 58.21 और रामपुर में 63.01 की जगह 55.75} मतदान हुआ।

कुछ अलग

# एक देश, एक वैक्सीन.. तीन दाम

एक मईं से 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों के लिए वैक्सीनेशन खुलने से पहले वेंद्र सरकार के निर्देश के मुताबिक सीरम इंस्टीट्यूट ने रेट जारी कर दिए। वंपनी राज्य सरकारों को 400 रुपए और निजी अस्पतालों को 600 रुपए प्राति डोज की दर से वैक्सीन देगी। वंपनी की इस घोषणा के बाद से ही वैक्सीन के दाम पर बवाल मच गया। दरअसल सीरम अब तक वेंद्र सरकार को 150 रुपए प्राति डोज की दर से वैक्सीन दे रही और समझौते के मुताबिक जुलाईं तक इसी रेट पर देती रहेगी। राज्य सरकारों के लिए ज्यादा दाम रखने पर विपक्षी दल वेंद्र सरकार पर हमलावर हो गए हैं। यही नहीं, निजी अस्पतालों के लिए नए रेट जारी होने से अब प्राइवेट में टीका लगवाने वाले 45 पार के लोग व प्रांटलाइन वर्वर्स को भी ज्यादा दाम चुकाने होंगे। अब तक इन सभी को प्राइवेट अस्पतालों में 250 रुपए प्राति डोज पर वैक्सीन लग रही थी। इसमें 150 रुपए वैक्सीन की कीमत और 100 रुपए लॉजिस्टिक चार्ज था। वंपनी के नए रेट हूबहू लागू हुए तो लॉजिस्टिक चार्ज के साथ एक डोज 700 रुपए की पड़ेगी। 45ऋ के जो लोग निजी अस्पताल में पहली डोज 250 रुपए में लगवा चुके हैं, उनकी दूसरी डोज भी अब बढ़ी हुईं कीमत पर लगेगी। हालांकि वेंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी का कहना है कि वेंद्र सरकार की ओर से सरकारी अस्पतालों और सरकारी टीकाकरण वेंद्रों में 45ऋ के लोगों और प्रांटलाइन वर्वर्स को मुफ्त में ही वैक्सीन लगाईं जाएगी। सीरम इंस्टीट्यूट की वैक्सीन कोविशील्ड के दाम को लेकर महाराष्ट्र के सत्तापक्ष एवं विपक्ष में रार छिड़ गईं है। वेंद्र सरकार के लिए कोविशील्ड के दाम कम एवं राज्यों के लिए ज्यादा रखे जाने पर राकांपा व कांग्रोस ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। महाराष्ट्र के महाविकास अघाड़ी सरकार के मंत्री नवाब मलिक ने सवाल उठाया है कि सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा उत्पादित कोविशील्ड वैक्सीन वेंद्र सरकार को 150 रुपए में, जबकि राज्य सरकारों को 400 रुपए में क्यों दी जा रही है? बता दें कि खुले बाजार में इसकी कीमत 600 रुपए प्राति खुराक निर्धारित की गईं है। मलिक ने पूछा है कि एक वैक्सीन, एक देश और तीन दाम क्यों हैं? अलग-अलग ग्राहकों के लिए अलग-अलग दाम क्यों हैं। इसका उत्तर सीरम को देना चाहिए। हालांकि सीरम के सीईंओ अदार पूनावला ने अपने बयान में तीन विदेशी वैक्सीन के दाम भी बताए हैं, जो भारत में खुले बाजार के लिए दी जाने वाली कोविशील्ड की तुलना में अधिक ही है। इनमें अमेरिकी वैक्सीन की कीमत 1500 रुपए एवं रूस की वैक्सीन की कीमत 350 रुपए बताईं गईं है। बता दें कि पूनावाला द्वारा जारी इस बयान पर कांग्रोस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट में इस बयान को नत्थी करते हुए लिखा है कि आपदा देश की, अवसर मोदी मित्रों का, अन्याय वेंद्र का। राहुल के इस बयान का जवाब देते हुए महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा है कि कोरोना ने शायद राहुल गांधी के दिमाग पर असर डाला है। इसीलिए वह अनर्गल प्रालाप कर रहे हैं।महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे के अनुसार सीरम इंस्टीट्यूट ने राज्य सरकार को बता दिया है कि वह 24 मईं से पहले वैक्सीन नहीं दे पाएंगे, क्योंकि वेंद्र के साथ उसने एक करार कर रखा है। इसीलिए महाराष्ट्र सरकार अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए विदेशी वैक्सीन निर्माताओं से बात करने का विचार कर रही है।

देश दुनीया से

# देश को संदेश देने में नाकाम रही विपक्ष की रांची रैली

झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने 'जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे' और 'झारखंड झुकेगा नहीं' जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए।

विपक्षी दलों की झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नहीं दे सकी। हांलाकि इससे बड़ी उम्मीद थी। उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं। इस रैली में वे काँमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ। हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली। झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने 'जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे' और 'झारखंड झुकेगा नहीं' जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। 'उलगुलान' शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था। हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉनड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यतः अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा। रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमज़ोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोज़गारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है। देश में पहले चरण के मतदान के ठीक अगले दिन आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में बीजेपी की हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि वे 400 पार की बात करते हैं लेकिन 180-190 सीटों से आगे नहीं जाने वाले। इसलिए, वोट देना ज़रूरी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, "पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश में इनकी हालत ख़राब हो गई है और जब यूपी इन्हें हटा सकता है, तो आप क्यों नहीं। यह देश मोदी की नहीं, संविधान की गारंटी चाहता है।" जबकि झारखंड में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, "इनके मंच पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं का जमावड़ा हुआ और ये भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करते हैं. यह हास्यास्पद है।" प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, "इनका दावा था कि रैली में पांच लाख लोग शामिल होंगे लेकिन आए बमुश्किल 10-15 हज़ार लोग। उनमें आपस में मारपीट हुई। ये लोग सिर्फ़ सत्ता में आने के लिए एक मंच पर आए थे। रैली में सिर्फ़ परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की भागीदारी थी, इसलिए इसे सुपर फ़्लॉप कहा जाना चाहिए।" हालांकि उलगुलान न्याय महारैली में लोगों की खासी भागीदारी देखी गई। झारखंड के सुदूर इलाक़ों से लोग बसों, गाड़ियों और ट्रेनों से रांची पहुंचे। ऐसे लोगों को लाने के विशेष इंतज़ाम किए गए थे। रैली स्थल पर लोगों की भीड़ देर शाम तक जमी रही। उलगुलान रैली में शामिल होने आई कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों के बीच झड़प हो गयी। कुर्सियां भी तोड़ी गई। ये मारपीट, ये हुडदंग कोई अच्छा संदेश नही दे सकें।




आप का नजरीया

# 'विरासत कर' ने बढ़ाई कांग्रेस की मुसीबत

'संपत्ति बंटवारे' की घोषणा पर घिरी कांग्रेस थोड़ा-बहुत संभल पाती कि उससे पहले ही 'विरासत कर' ने उसकी मुसीबत को और बढ़ा दिया है। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी के नजदीकी एवं इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने चुनावी माहौल में 'विरासत कर' पर बयान देकर चुनावी गर्मी को और बढ़ा दिया है। सैम पित्रोदा अपने बयानों से पहले भी कांग्रेस को मुश्किल में डाल चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी उन्होंने अपने विचारों से कांग्रेस का भारी नुकसान करा दिया था। फिलहाल, सैम पित्रोदा ने अमेरिका के 'विरासत कर' वाली व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा है कि ''अमेरिका में विरासत कर लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है और जब उसकी मृत्यु हो जाती है तो इसमें से केवल 45 प्रतिशत उसके बच्चों को मिल सकती है। शेष 55 प्रतिशत संपत्ति सरकार के पास चली जाती है। भारत में ऐसा कानून नहीं है। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता... लोगों को इस तरह के मुद्दों पर चर्चा करनी होगी। मुझे नहीं पता कि अंत में निष्कर्ष क्या होगा, लेकिन जब हम धन के पुनर्वितरण के बारे में बात करते हैं, तो हम नई नीतियों और नए कार्यक्रमों के बारे में बात कर रहे हैं जो लोगों के हित में हैं, न कि केवल अति-अमीरों के हित में हैं"। सैम पित्रोदा का यह बयान 'संपत्ति बंटवारे' की उसी मानसिकता की ओर संकेत कर रहा है, जिसका उल्लेख राहुल गांधी ने किया और जो कांग्रेस के घोषणा-पत्र का हिस्सा है। कांग्रेस के घोषण-पत्र और उसके नेताओं के बयानों की श्रृंखला का विश्लेषण करके कहा जा सकता है कि कांग्रेस में कहीं न कहीं संपत्ति के पुनर्वितरण पर विचार चल रहा है। यह अतार्किक सोच है। यह सोच समाज में अराजकता और उदासीनता का संचार कर सकती है। बहरहाल, संपत्ति बंटवारे के मसले पर घिरी कांग्रेस सैम पित्रोदा के बयान से पल्ला झाड़ रही है लेकिन यह इतना आसान भी नहीं है। क्योंकि अब देश की जनता को संपत्ति बंटवारे के विचार में एक श्रृंखला दिखायी देने लगी है। संपत्ति बंटवारे के विचार से केवल धनाड्य लोग ही नहीं डरते हैं, अपितु परिश्रमी एवं गरीब व्यक्ति भी डरता है। यही कारण है कि कम्युनिस्ट इस सोच को कहीं भी सफलता से क्रियान्वित करके नहीं दिखा सके हैं। उन्होंने केवल जनता का भरोसा एवं अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए इस प्रकार की कल्पनाएं दुनियाभर में बेची हैं। अब वे यही काम कांग्रेस की पीठ पर चढ़कर भारत में करने का प्रयास कर रहे हैं। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सैम पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस की सोच पर हमला बोल दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में मतदाताओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा है कि "अब कांग्रेस माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाने की सोच रही है।




# हुंडई, किआ ने कनेक्टेड कारों की टेक्नोलॉजी के लिए चीनी कंपनी बायदू से किया करार

**सोल।**
**दक्षिण कोरिया की शीर्ष कार निर्माता कंपनी हुंडई मौटर और इसकी अनुषंगी कंपनी किआ ने रविवार को बताया कि उन्होंने कनेक्टेड कारों के लिए टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए चीन की दिग्गज टेक कंपनी बायदू के साथ करार किया है।**

दोनों दक्षिण कोरियाई कार निर्माता और बायदू ने पिछले सप्ताह बीजिंग में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जिसके तहत वे कनेक्टिविटी और सेल्फ-ड्राइविंग प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में हाथ मिलाएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, हुंडई और किआ बीजिंग के बढ़ते डेटा नियमों के अनुपालन के लिए बायदू की स्मार्ट क्लाउड कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी का भी उपयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरियाई कंपनियां चीनी कंपनी के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके नए बिजनेस मॉडल भी तलाशेंगी। हुंडई और किआ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, बायदू के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, हम चीनी बाजार में कनेक्टेड कारों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

यह समझौता चीन में कनेक्टेड कारों के बढ़ते बाजार की पृष्ठभूमि में हुआ है।

हुंडई ने चीनी डेटा का हवाला देते हुए कहा कि चीन में कनेक्टेड कारों की वार्षिक बिक्री इस साल 1.7 करोड़ इकाई तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2019 में 72 लाख इकाई के मुकाबले में तेज वृद्धि है। हुंडई और किआ 2014 से बायदू के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिसमें आवाज को पहचानने की प्रौद्योगिकी का विकास भी शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### हेल्दीफाई ने 27 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नई दिल्ली। घरेलू हेल्थटेक स्टार्टअप हेल्दीफाई ने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने 27 प्रतिशत कार्यबल या लगभग 150 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है. एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. इंक42 ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में हुई नौकरी में कटौती से बिक्री और उत्पाद टीमों के कर्मचारी सबसे अधिक प्रभावित हुए। पहले भी हो चुकी है चटनी रिपोर्ट में हेल्दीफाई के सह -संस्थापक और सीईओ तुषार वशिष्ठ के हवाले से कहा गया है, अगले तीन-चार महीनों में, हमारा भारतीय व्यवसाय कर-पूर्व लाभ की स्थिति में होगा. यह पुनर्गठन इसे प्राप्त करने की दिशा में एक दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन महत्वपूर्ण कदम है. हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारे पास वैश्विक विस्तार के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटन हो. इसके अलावा, स्टार्टअप ने कहा कि वह प्रभावित कर्मचारियों को इस संक्रमण के दौरान मजबूत समर्थन प्रदान करेगा, जिसमें व्यापक विलगाव पैकेज, विस्तारित बीमा कवरेज और जॉब प्लेसमेंट सहायता शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित श्रमिकों को दो महीने का वेतन, विस्तारित बीमा कवरेज, और छुट्टियों के बदले नकद भुगतान की पेशकश की गई है. हेल्थटेक स्टार्टअप ने 2021 में एसएमई (विषय वस्तु विशेषज्ञ), गुणवत्ता विश्लेषण, उत्पाद और विपणन सहित विभिन्न टीमों से लगभग 150 कर्मचारियों को निकाला था. 2012 में स्थापित, हेल्दीफाई का स्वास्थ्य और फिटनेस ऐप आहार की आदतों, फिटनेस और वजन को ट्रैक करने के साथ-साथ कोचिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करता है।

### टाइटैनिक के सबसे अमीर यात्री की सोने की घड़ी हुई नीलाम, कीमत जानकर रह जाएंगे दंग

लंदन । टाइटैनिक से जुड़ी जब भी कोई जानकारी सामने आती है तो हर कोई उसे जानने को उत्सुक हो जाता है। अब इस जहाज के सबसे अमीर यात्री की मिली एक सोने की घड़ी से जुड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, घड़ी को नीलाम किया गया है, जिसकी कीमत जानकार आपको भरोसा नहीं होगा। इंग्लैड में घड़ी को 11.7 लाख पाउंड यानी 14.6 लाख डॉलर में नीलाम की गई। नीलामीकर्ता हेनरी एल्ड्रिज एंड सन ने कहा कि 1912 के जहाज आपदा से जुड़ी किसी वस्तु के लिए यह एक रिकॉर्ड राशि थी। अमेरिका के खरीदार ने खरीदा अंदाजा लगाया जा रहा था कि घड़ी करीब एक लाख से 150,000 पाउंड के बीच बिक जाएगी। हालांकि, इन अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका के एक शख्स ने बोली जीती है। पत्नी की बचाई जान ाड़ी पर जेजेए लिखा हुआ है। दरअसल, यह घड़ी अमेरिका के सबसे अमीर व्यक्ति जॉन जैकब एस्टोर की थी। बताया जाता है कि जब 15 अप्रैल 1912 में टाईटैनिक डूबी थी, तब जहाज के डूबने से पहले उन्होंने अपनी पत्नी मेडेलीन को एक लाइफबोट पर चढ़ा दिया था, जिससे उनकी जान बच गई थी।



### भारत और ताइवान ने डब्ल्यूटीओ की इकाई से आईसीटी आयात शुल्क विवाद पर फैसला टालने को कहा, यह है कारण

नई दिल्ली । भारत और चीनी ताइपे (ताइवान) ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय से 26 जुलाई तक कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर नयी दिल्ली के आयात शुल्क के खिलाफ कोई फैसला नहीं लेने को कहा है क्योंकि 'दोनों पक्ष मामले को सुलझाने में लगे हुए हैं।' एक अधिकारी ने यह बात कही। यह मुद्दा 26 अप्रैल को जिनेवा में विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) की बैठक के दौरान उठा। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने विवादों के समाधान को सुविधाजनक बनाने में मदद के लिए डीएसबी को 26 जुलाई, 2024 तक विवाद पैनल की रिपोर्टों पर विचार नहीं करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि निकाय इस पर सहमत हो गया है। इससे पहले भी डीएसबी ने रिपोर्टों पर विचार करने में देरी के लिए भारत और चीनी ताइपे के तीन पिछले अनुरोधों पर सहमति व्यक्त की थी। डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, आदेश जारी होने के 60 दिनों के भीतर पैनल के फैसले को डीएसबी द्वारा कार्यान्वयन के लिए अपनाना होगा। हालांकि, दोनों देश परस्पर निर्णय को अपनाने में देरी के लिए डीएसबी से अनुरोध कर सकते हैं। डब्ल्यूटीओ के एक विवाद पैनल ने 17 अप्रैल, 2023 को अपनी रिपोर्ट में कहा कि कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर भारत द्वारा लगाया गया आयात शुल्क वैश्विक व्यापार मानदंडों का उल्लंघन है।

# अमेरिका का रिपब्लिक फर्स्ट बैंक डूबा, क्या फिर आने वाला है 2008 जैसा आर्थिक संकट




**वॉशिंगटन।**

अमेरिका के बैंकिंग सिस्टम में तनाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब अमेरिका का क्षेत्रीय बैंक-रिपब्लिक फर्स्ट बैंक डूब गया है। अमेरिका के बैंकिंग रेगुलेटर फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की संपत्तियां जब्त कर ली हैं। रिपब्लिक फर्स्ट बैंक 2024 में डूबने वाला पहला बैंक बन गया है। इससे पहले पिछले वर्ष नवंबर में सिटीजन्स बैंक डूब गया था।

### फुल्टन बैंक संभालेगा जिम्मेदारी

बताया कि 31 जनवरी 2024 को रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल परिसंपत्तियां करीब छह अरब डॉलर थी, जबकि बैंक में करीब चार अरब डॉलर की राशि जमा थी। रेगुलेटर ने बताया कि पेंसिलवेनिया का फुल्टन बैंक, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक का संचालन शुरू करने और इसकी संपत्तियां व जमा खरीदने पर सहमत हो गया है। रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की सभी 32 शाखाएं फुल्टन बैंक के तौर पर संचालित हुईं।

एफडीआईसी ने कहा कि रिपब्लिक फर्स्ट बैंक के जमाकर्ता चेक या एटीएम के जरिये लेनदेन कर सकते हैं। बैंक की इस विफलता से डिपॉजिट इंश्योरेंस फंड पर करीब 66.7 करोड़ डॉलर का बोझ पड़ेगा। रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की अधिकांश शाखाएं न्यूजर्सी, पेंसिलवेनिया और न्यूयार्क में स्थित हैं।

### क्यों अमेरिका में बढ़ रहा जोखिम

बढ़ती ब्याज दरों और वाणिज्यिक संपत्ति के मूल्यों में गिरावट ने कई क्षेत्रीय और सामुदायिक बैंकों के लिए वित्तीय जोखिम बढ़ा दिया है। खासतौर पर मूल्य खो चुकी संपत्तियों पर बकाया कर्ज का पुनर्वित्त बैंकों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

### फरवरी में नाकाम हुई थी बातचीत

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ने पिछले वर्ष निवेशकों के एक समूह से निवेश को लेकर बातचीत शुरू की थी। लेकिन इस वर्ष फरवरी में यह बातचीत विफल हो गई थी। इसके बाद एफडीआईसी ने बैंक की संपत्तियां सीज करने और उन्हें बेचने की प्रक्रिया शुरू की थी। ज्यादा लागत के दबाव के चलते रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ने 2023 की शुरुआत में नौकरियों में कटौती की थी। साथ ही बैंक संपत्ति गिरवी रखकर कर्ज देने वाले कारोबार से बाहर निकल गया था। लेकिन, यह सब बैंक के संकट को दूर नहीं कर पाया।

### 1 जून से बढ़ेगी ऑडी की कारों की कीमत...अभी खरीद लें

मुंबई । लग्जरी कार बनाने वाली जर्मन कंपनी ऑडी ने भारत में अपनी कारों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है। हालांकि, प्राइस हाइक तत्काल लागू नहीं हो रही है और ग्राहकों पर ऑडी कारों की बढ़ी कीमत का बोझ 1 जून 2024 से पड़ेगा। कंपनी का कहना है कि ऑडी कारों के इनपुट कॉस्ट लगातार बढ़ रहे हैं, इसके बाद एक जून से अलग-अलग मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमत में 2 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जाएगी। बता दें कि ऑडी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक से बढ़कर एक कारें हैं और इनमें सबसे सस्ती ऑडी क्यू3 है। इसके साथ ही ऑडी ए4, ऑडी ए6, ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक, ऑडी क्यू5, ऑडी क्यू7, ऑडी क्यू8, ऑडी ए8 एल, ऑडी एस5 स्पोर्टबैक, ऑडी आरएस5 स्पोर्टबैक, साथ ही ऑडी ई-ट्रॉन जीटी, ऑडी क्यू8 50 ई-ट्रॉन, ऑडी क्यू8 55 ई-ट्रॉन जैसी इलेक्ट्रिक कारें भी हैं। कीमतों की बढ़ोत्तरी पर ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन का कहना है कि इनपुट के बढ़ता खर्च की वजह से हम अपनी कारों की कीमतें 2 फीसदी तक बढ़ाने के लिए मजबूर हैं और यह बढ़ोतरी 1 जून, 2024 से प्रभावी होगी। पिछले वित्त वर्ष बेचीं 7 हजार से ज्यादा कारें यहां बताना जरूरी है कि ऑडी इंडिया ने वित्त-वर्ष 23-24 में कुल मिलाकर 33 फीसदी की बढ़ोतरी करते हुए 7027 यूनिट्स की बिक्री की थी। वहीं, बीते वित्त वर्ष में उसके प्री-ओन्ड कार बिजनेस 'ऑडी अप्रूव्ड: प्लस' में भी 50 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

**इस सप्ताह फेड के फैसले से तय होगी बाजार की चाल**

# कच्चा तेल और रुपया-डॉलर विनिमय दर भी व्यापार को प्रभावित करेंगे



**मुंबई ।**

कंपनियों की तिमाही आय के परिणामों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल तय होगी। बाजार के विशेषज्ञों ने बताया कि इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू स्तर पर चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि मासिक ऑटो बिक्री के आंकड़े मई की शुरुआत में घोषित किए जाएंगे और मतदान का अगला चरण महत्वपूर्ण होगा। वैश्विक मोर्चे पर एक मई को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का नतीजा महत्वपूर्ण होगा।

### भारत की यात्रा टालने के बाद एलन मस्क अचानक चीन के लिए हुए रवाना

बीजिंग । टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में भारत की यात्रा को टाल दिया था। लेकिन अब वो अचानक से भारत के दुश्मन देश चीन की यात्रा के लिए रवाना हुए हैं। चीन को इलेक्ट्रिक वाहन दिग्गज का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी माना जाता है। एक सप्ताह पहले टाली थी यात्रा मस्क ने एक सप्ताह पहले ही भारत की यात्रा टाल दी थी। कहा जा रहा था कि वह भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले थे और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना का एलान करने वाले थे। इस पर करेंगे चर्चा अब बताया जा रहा है कि टेस्ला के सीईओ चीन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की कोशिश करेंगे, जिससे वह फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर पर चर्चा कर सकें। साथ ही वह कोशिश करेंगे की चीन फुल-सेल्फ ड्राइविंग से संबंधित जुटाए डाटा को अमेरिका ट्रांसफर करने के लिए तैयार हो जाए।

# बांग्लादेश और यूएई समेत छह देशों को 99150 मीट्रिक टन प्याज निर्यात होगा, सरकार ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने छह देशों, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों के कम अनुमानों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए लिया गया है। निर्यात की सुविधा के लिए, नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) को इन देशों को प्याज निर्यात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार एनसीईएल प्रतिस्पर्धी कीमतों पर ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से घरेलू उत्पादकों से प्याज इकट्ठा करेगा। इस प्याज की आपूर्ति नामित एजेंसियों या गंतव्य देशों की एजेंसियों को बातचीत के आधार पर तय की दरों पर 100 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के साथ की जाएगी। महाराष्ट्र, देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक होने के नाते, निर्यात के लिए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता होगा।

# डीमैट खोलने से पहले जान लें महत्वपूर्ण बातें

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में निवेश के लिए डीमैट अकाउंट खोलना जरूरी है। अगर आप भी शेयर बाजार में निवेश करने जा रहे हैं तो कुछ बातों का जरूर ख्याल रखें। यहां पर आपको 9 महत्वपूर्ण बातें बताई जा रही है, जिनको अपनाकर आप सही डीमैट अकाउंट का चयन कर अच्छी बचत कर सकते हैं।

- - ब्रोकर की विश्वसनीयता: डीमैट खाता उस ब्रोकर के पास खोलें, जिसकी मार्केट में अच्छी विश्वसनीयता हो।
- - खाता खोलने का शुल्क: भारत में कई ब्रोकरेज कंपनियां डीमैट खातों पर वार्षिक रखरखाव शुल्क लगाती हैं, जो सीधे खाते की शेष राशि से काट लिया जाता है। डीमैट खोलने से पहले यह चेक करें कि कौन खाता खोलने के लिए कम पैसा ले रहा है।
- - ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म: आसान ट्रेडिंग के लिए मोबाइल ऐप और वेब इंटरफेस सहित सहज ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म की पेशकश करने वाले ब्रोकरों को चुनें।
- - रिसर्च और विश्लेषण: रिसर्च रिपोर्ट, बाजार विश्लेषण और शैक्षिक संसाधनों के प्रावधान के आधार पर ब्रोकरों का मूल्यांकन करें।
- - ब्रोकरेज शुल्क: ब्रोकरेज शुल्क की तुलना करें, जिसमें लेनदेन शुल्क, ब्रोकरेज दरें और अन्य शुल्क शामिल हैं।




- - कस्टमर सपोर्ट: ब्रोकर द्वारा दी जाने वाली कस्टमर सपोर्ट सेवाओं की गुणवत्ता और प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करें, जिसमें हेल्पलाइन उपलब्धता, ईमेल सपोर्ट और ऑनलाइन चैट विकल्प शामिल हैं।
- - अकाउंट की विशेषताएं: मार्जिन ट्रेडिंग, आईपीओ निवेश, म्यूचुअल फंड निवेश और ब्रोकर द्वारा प्रदान की गई अन्य मूल्य वर्धित सेवाओं जैसी अतिरिक्त सुविधाओं के लिए डीमैट खाते का मूल्यांकन करें।
- - सेफ्टी फीचर्स: सुनिश्चित करें कि ब्रोकर दो-कारक ऑथेंटिकेशन और एन्क्रिप्शन प्रोटोकॉल सहित व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के लिए मजबूत सेफ्टी फीचर्स लागू करता है।
- - अकाउंट मैनेजमेंट: वैसा शेयर ब्रोकर चुनें जो आसानी से अकाउंट मैनेजमेंट की सुविधा प्रदान करता हो।

# डाटा सेंटर बिज़नेस के लिए अदाणीकॉनेक्स ने जुटाए 1.44 बिलियन डॉलर

**नई दिल्ली ।**

**भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने के लिए, अदाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स के बीच एक संयुक्त उद्यम अदाणीकॉनेक्स ने रविवार को कहा कि उसने 1.44 अरब डॉलर जुटाने के लिए देश की सबसे बड़ी सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग स्थापित की है।**

इस ट्रांजैक्शन ने अदाणीकॉनेक्स के निर्माण वित्तपोषण पूल को 1.65 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया है. इससे पहले पिछले साल जून में 213 मिलियन डॉलर की पहली निर्माण सुविधा बनाई गई थी.




अदाणीकॉनेक्स के सीईओ जयकुमार जनकराज ने कहा, यह सफल अभ्यास टिकाऊ और मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना की चुनौतियों का सामना करने, मानदंडों को आगे बढ़ाने और नए उद्योग मानक स्थापित करने के लिए दोनों पक्षों के सामूहिक संकल्प का एक प्रमाण है तैयार होने वाली डेटा सेंटर सुविधाएं परिचालन दक्षता को अनुकूलित करते हुए इकोलॉजी फुटप्रिंट को कम करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों का इस्तेमाल करेंगी। नए वित्तपोषण की शुरुआती प्रतिबद्धता 875 मिलियन डॉलर है, जिसे 1.44 बिलियन डॉलर तक बढ़ाया जा रहा है. जनकराज ने कहा, निर्माण वित्तपोषण अदाणीकॉनेक्स पूंजी प्रबंधन योजना का एक प्रमुख तत्व है, जो हमें टिकाऊ और पर्यावरणीय प्रबंधन में मजबूती से डेटा सेंटर समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है। कंपनी के अनुसार, डेटा सेंटर सुविधा की एक प्रमुख विशेषता परियोजनाओं की रणनीति के अनुरूप सिंडिकेटेड गारंटी-समर्थित आश्वासन कार्यक्रम है, जो अपनी तरह का अनोखा है. कंपनी ने बताया कि आठ अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं- आईएनजी बैंक एन.वी., इंटेसा सैनपोलो, केएफडब्ल्यू आईपीईएक्स, एमयूएफजी बैंक लिमिटेड, नेटिक्सिस, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, सोसाइटी जेनरल और सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन के साथ समझौते किए गए हैं। अदाणीकॉनेक्स का लक्ष्य सबसे बड़े निजी डेटा सेंटर ऑपरेटरों में से एक, अदाणी ग्रुप और एज कॉनेक्स की क्षमता का लाभ उठाकर 1 गीगावाट डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म का निर्माण करना है।



# जहीर ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी पसंदीदा टीम में ऋषभ, यश दयाल को शामिल किया

**मुम्बई ।**
भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी पसंदीदी टीम बनायी है। जहीर ने अपनी इस टीम में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को एकमात्र विकेटकीपर के रुप में शामिल किया है। वहीं उनकी इस टीम में युवा तेज गेंदबाज यश दयाल को भी शामिल किया गया है।

यश दयाल घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश जबकि आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलते हैं। जहीर ने कहा, 'यश दयाल का स्थान 'अस्थायी होगा क्योंकि मोहम्मद शमी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने कहा, 'यश एक ऐसा गेंदबाज है कि जिसे आप कभी भी किसी भी गेंदबाज के विकल्प के तौर पर जिम्मेदारी दे सकते है। जहीर ने अपनी इस टीम में संजू सैमसन, केएल राहुल और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह नहीं दी है जिससे सभी हैरान हैं।

जहीर ने कहा, 'ऋषभ मेरे एकमात्र विकेटकीपर हैं। मैंने चार तेज गेंदबाज लाने को प्राथमिकता दी है। आप दूसरे विकेटकीपर के लिए एक तेज गेंदबाज को कम नहीं कर सकते। आपके पास केएल राहुल, संजू सैमसन जैसे विकल्प हैं और कई लोग अनुभवी दिनेश कार्तिक को देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'कार्तिक की बात करें तो इस समय हम महेंद्र सिंह धोनी के स्ट्राइक रेट के कारण उन पर भी विचार कर सकते हैं। अगर आप एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए एक टीम बना रहे हैं तो ही 'रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर आपका विकेटकीपर हो सकता है।

जहीर ने अपनी टीम में 16 खिलाड़ियों को जगह दी है। उन्होंने कहा कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के बीच केवल एक खिलाड़ी को रोहित शर्मा के सलामी जोड़ीदार के तौर पर चुना जायेगा। उन्होंने कहा, 'चयनकर्ताओं के लिए ये काफी कठिन फैसला होगा। मुझे लगता है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से केवल एक ही जगह बना पाएगा।

**टी20 विश्व कप के लिए जहीर खान की पसंदीदा भारतीय टीम इस प्रकार है:**

**बल्लेबाज :** रोहित शर्मा, शुभमन गिल या यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह

**ऑलराउंडर :** शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा, विकेटकीपर : ऋषभ पंत, गेंदबाज : जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, यश दयाल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल।

## न्यूज ब्रीफ

### गेंद और बल्ले में संतुलन लाने की जरुरत : गांगुली

**मुम्बई ।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी



गेंदबाजों की कमजोर हालत पर चिन्ता जतायी है। गांगुली कहा है कि इस आईपीएल सत्र में जिस प्रकार का खेल देखने को मिला है। उससे साफ पता चलता है कि बल्लेबाज हावी हैं और उन्हें रोकना गेंदबाजों के लिए असंभव होता जा रहा है। गांगुली ने कहा कि इसका कारण सपाट पिच होने के साथ ही 'इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाज का नियम भी है। इसलिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को कोई ऐसा कोई तरीका खोजना होगा जिससे गेंद और बल्ले में संतुलन बनाया जा सके। गांगुली ने कहा कहा कि जिस प्रकार सभी टीमें आसानी से 200 रन से अधिक बना रही हैं। उससे साफ है कि गेंदबाजों का अब कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। गांगुली ने कहा कि गेंदबाजों के लिए इस प्रकार के हालात ठीक नहीं कहे जा सकते हैं। उनके खिलाफ हर जगह रन बनाए जा रहे हैं। इसलिए भविष्य में इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि खेल में रोमांच के लिए बल्ले और गेंद के बीच संतुलन रहना चाहिए। वहीं इस सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बराबरी लाने के लिए गेंदबाजों को एक से बढ़ाकर दो बाउंसर डालने की भी अनुमति दी गयी थी पर इसका भी कोई लाभ होता नजर नहीं आ रहा। वहीं कई दिग्गजों का मानना है कि 'इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम से ये असंतुलन आया है।

### पंड्या ने हार पर निराशा जताते हुए कहा, हम अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये

**नई दिल्ली ।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में मिली



हार पर निराशा जतायी है। पंड्या ने माना कि इससे उनके लिए प्लेऑफ की राह कठिन हो गयी है। उन्होंने कहा कि हमें बीच के ओवरों में जोखिम लेने चाहिये थे पर ऐसा हो नहीं पाया। हमारे बल्लेबाज दिल्ली के स्पिनर अक्षर पटेल को निशाना बना सकते थे पर इसमें हमें सफलता नहीं मिली। पंड्या ने कहा कि हर मैच के साथ ही हमारी हार का अंतर कम हुआ है। शुरुआती मैचों में यह अंतर कुछ ओवरों का होता था जो अब कुछ गेंदों का होता जा रहा है। हमें बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करनी थी पर बाएं हाथ के खिलाड़ी अक्षर पर दबाव नहीं बना पाये। वहीं दिल्ली के बल्लेबाज फ्रेजर मैकगर्क ने स्पिनरों के खिलाफ अवसर लेते हुए पूरा लाभ उठाया। जिसका लाभ दिल्ली को मिला। इस मैच की शुरुआत में ही मैकगर्क ने 27 गेंदों पर 84 रन बनाये थी। उनके अलावा अभिषेक पोरेल ने 3 चौके और 1 छक्के के साथ 27 गेंदों पर 36 रन बनाये व शाइ होप ने 17 गेंदों पर 5 छक्कों के साथ 41 रन वहीं मुम्बई की ओर से तिलक वर्मा के 63, हार्दिक पांड्या के 46, टिम डेविड के 37 रनों के बाद भी टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पायी। इस मैच में हार से अब मुम्बई की टीम 9 में से 6 मुकाबले हार गयी है। ऐसे में अब उसे प्लेऑफ की संभावनाएं बनाने बचे हुए सभी पांच मैच जीतने होंगे।

### विश्व नंबर 1 स्वियातेक मैड्रिड ओपन के अंतिम-16 में, सोराना क्रिस्टी को 6-1, 6-1 से आसानी से हराया

**मैड्रिड ।** विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते



हुए मैड्रिड ओपन के अंतिम-16 में जगह बनाई। पोलैंड की स्वियातेक ने महिला एकल के मुकाबले में रोमानिया की सोराना क्रिस्टी को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से हराया। इसके साथ ही स्वियातेक का जीत-हार का रिकॉर्ड 26-4 हो गया है। वह पिछले साल यहां फाइनल में सबालेंका से हार गई थी। स्वियातेक अब अंतिम-16 के मुकाबले में स्पेन की सारा सोरिबेस टोरमो के खिलाफ खेलेंगी। वह अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन की तैयारी कर रही हैं। वह फ्रेंच ओपन की तीन की विजेता हैं। क्वालिफायर खिलाड़ी थियागो ने सितसिपास को हराया पुरुष एकल के मुकाबले में ब्राजील के क्वालिफायर खिलाड़ी थियागो मोंटियरो ने दूसरे दौर में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराकर उन्हें चौंका दिया। सितसिपास ने इस महीने की शुरुआत में मोंटे कार्लो टूर्नामेंट जीता था जबकि पिछले सप्ताह बार्सिलोना ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। मैच के बाद सितसिपास ने कहा कि मैंने अच्छे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मैच खेला। उसने अच्छे शॉट लगाए।

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए चीफ सिलेक्टर और रोहित की मीटिंग

# ऑलराउंडर शिवम दुबे को चुना जा सकता है
# विकेटकीपर के लिए पंत-केएल पहली चॉइस

**मुम्बई ।**
**आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मैच हुआ था। दिल्ली में खेले गए मैच के बाद बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर और रोहित शर्मा की एक अनऑफिशियल मीटिंग हुई है। मीटिंग में आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 स्कॉड सिलेक्शन को लेकर चर्चा हुई। मीटिंग के बाद बीसीसीआई सिलेक्शन कमेटी के एक सूत्र ने बताया कि ऋषभ पंत और केएल राहुल को विकेटकीपर के रूप में आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 टीम के लिए चुने जाने की संभावना है। चेन्नई के ऑलराउंडर शिवम दुबे को भी स्कॉड में शामिल किए जाने की उम्मीद है।**



### पंत ने इस सीजन में 371 रन बनाए

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने एक्सीडेंट के बाद आईपीएल 2024 के जरिए एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी की है। पंत ने आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 10 मैचों में 46.38 की एवरेज और 160.60 की स्ट्राइक रेट से 371 रन बनाए। पंत ऑरेंज कैप की लिस्ट में टॉप-5 में शामिल हैं।

### शानदार फॉर्म में केएल राहुल

लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल मौजूदा आईपीएल में तीसरे सबसे ज्यादा उन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 9 मैचों में 42 की एवरेज और 144.27 की स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए हैं। शिवम दुबे सीएसके के दूसरे टॉप स्कोरर शिवम दुबे इस सीजन में जबरदस्त फॉर्म में हैं। दुबे ने 8 मैचों में 169.94 की स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतकों के साथ 311 रन बनाए हैं। उनका हाईएस्ट स्कोर 66* है। दुबे इस सीजन में अपनी फ्रेंचाइजी सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। टी-20 वर्ल्ड कप का ओपनिंग मैच कनाडा और अमेरिका के बीच इस बार टी-20 वर्ल्ड कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच डलास में होगा। फाइनल मैच 29 जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस शहर में होगा। सुपर-8 और नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होंगे। पोल में ओपनर्स के लिए रोहित शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल की जोड़ी को तरजीह दी गई। 77 प्रतिशत यूजर्स ने माना कि विराट कोहली को नंबर-3 की पोजिशन पर ही बैटिंग करनी चाहिए। विकेटकीपर के लिए केएल राहुल से आगे ऋषभ पंत और संजू सैमसन रहें।

# बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के तरीके खोजें गेंदबाज : कोच

**कोलकाता ।**
कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच रेयान टेन डोशचेट ने कहा है कि इस आईपीएल सत्र में अब तक बल्लेबाज हावी रहे हैं। ऐसे में बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने के लिए गेंदबाजों को अब नये तरीके अपनाने होंगे। आईपीएल में इस बार जहां सनराइजर्स हैदराबाद ने तीन बार 250 से ज्यादा रन बनाये हैं। वहीं पंजाब किंग्स ने 262 रनों का सबसे बड़ लक्ष्य भी हासिल किया है। इससे साफ है कि अब गेंदबाज बल्लेबाजों को रोक नहीं पा रहे हैं।

रेयान ने कहा, 'एक दशक पहले की तुलना में अब खेल पूरी तरह से बदल गया है। तब आप 160 रन बनाकर ही जीत तय मान लेते थे पर आज 250 रन भी सुरक्षित नहीं माने जा सकते हैं। अब बड़ा स्कोर बनाने के लिए आपको 13वें ओवर से पहले ही 160 रन बनाने होते हैं।



साथ ही कहा कि पिछले मैच में पंजाब के 'इम्पैक्ट खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंदों में ही 54 रन जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 48 गेंद में नाबाद 108 रन बना दिये थे। इसके अलावा शशांक सिंह ने 28 गेंद में नाबाद 68 रन बनाये। इससे साफ है कि अब गेंदबाजों को आक्रामक बल्लेबाजी रणनीतियों का मुकाबला करने के लिए अपनी परंपरागत रणनीति में बदलाव करना होगा। इसके तहत गेंदबाजी में विविधता लाते हुए हर गेंद अलग तरीके की फैंकनी होगी।

### जेसन गिलेस्पी बने पाकिस्तान के टेस्ट के मुख्य कोच; कर्स्टन वनडे , टी20 के मुख्य कोच

**लाहौर।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ जेसन गिलेस्पी को पाकिस्तान की टेस्ट टीम का मुख्य कोच, वहीं पूर्व दक्षिण अफ़्रीकी बल्लेबाज़ गैरी कर्स्टन को सीमित ओवर टीमों का कोच बनाया गया है। पूर्व हरफ़नमौला अज़हर महमूद सहायक कोच के रूप में अपनी सेवाओं को जारी रखेंगे, जिन्हें न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ सीरीज़ के लिए अस्थायी तौर पर नियुक्त किया गया था। पूर्व कोच ग्रैंट ब्रैडबर्न इस साल जनवरी में अपने पद से हट गए थे और फिर शेन वॉटसन को मुख्य कोच बनाने के लिए अप्रोच किया गया था। हालांकि बाद में बात नहीं बनी और अब लाल और सफ़ेद गेंद की टीमों के लिए अलग-अलग कोच बनाया गया है। यह घोषणा करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नक़वी ने कहा, हम मेडिकल साइंस में उतने आगे नहीं हैं, इसलिए हमारे देश में फ़िटनेस के मुद्दे हैं। हम सर्वश्रेष्ठ विकल्पों को चुनना चाहते थे ताकि देश के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम आ सके। हमने जिनको चुना है, उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है।

# इशांत और वॉर्नर फिट नहीं होने के कारण अभी बाहर ही रहेंगे : आमरे

**नई दिल्ली ।**
**दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा है कि टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। इसलिए इन दोनो को ही अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं किया जाएगा। आमरे ने कहा कि इन दोनो को ही अपनी चोट से उबरने में अभी करीब एक सप्ताह का समया लगेगा।**

आमरे कहा, ' मेरा अंदाजा है कि वॉर्नर को पूरी तरह फिट होने में एक सप्ताह का समय और लगेगा। इशांत की पीठ में जकड़न अभी तक गयी नहीं है। इसके अलावा वॉर्नर भी अभी तक अपने हाथ में लगी चोट से नहीं उबर पाये हैं। इन दोनो का ही एमआरआई कराया गया है और रिपोर्ट में पता चला है कि इन दोनो को ही अभी दो से तीन सप्ताह तक आराम करना होगा। मुझे लगता है कि



दिल्ली में सात मई को होने वाले अगले मुकाबले तक ये दोनो ही चयन के लिए उपलब्धि होंगे। वहीं पृथ्वी शॉ को लेकर उन्होंने कहा, 'जब हम मैदान में पहुंचे तो पृथ्वी कुछ असहज नजर आये। इसी कारण हमने तय किया कि यदि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं तो हम अभिषेक पोरेल के साथ उतरेंगे। दिल्ली कैपिटल्स का अगला मुकाबला अब 29 अप्रैल को कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। इसके बाद ये दोनो ही सात मई को वापस आकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में खेलेंगे। वॉर्नर को लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) के खिलाफ हुए मैच में उंगली में चोट लग गयी थी।

# टी20 विश्वकप में रोहित और यशस्वी पारी की शुरुआत करें : हरभजन, विराट तीसरे या चौथे नंबर पर उतरें

**नई दिल्ली ।**
आईपीएल में इस बार अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने आरसीबी की ओर से खेलते हुए सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। विराट ने इस दौरान एक शतक भी लगाया है।

इससे विराट की आगामी टी20 विश्वकप के लिए जगह पक्की मानी जा रही है। वहीं पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा को भारत के लिए पारी की शुरुआत करनी चाहिए जबकि विराट कोहली को तीसरे नंबर पर आना चाहिए। हरभजन ने कहा कि शीर्ष स्तर पर बाएं-दाएं संयोजन ठीक रहेगा।

यदि 6 से 7 ओवर खेले जाते हैं और ऐसे में यदि हमारे पास शिवम दुबे जैसा खिलाड़ी है, तो वह नंबर 3 पर आ सकता है। ऐसे में विराट 4 नंबर पर उतरें। कोहली एक



महान खिलाड़ी हैं , वह किसी भी नंबर पर खेल सकते हैं पर टीम हित पहले आता है। वह भी इस बात से ही सहमत होंगे।

वहीं एक अन्य पूर्व भारतीय बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ और बीसीसीआई चयनकर्ताओं को तीन स्पिनर और इतने ही तेज गेंदबाज चुनने को कहा। उन्होंने कहा, अगर आप इस टूर्नामेंट को जीतना चाहते हैं, तो पांच विकेट लेने वाले विशेषज्ञ गेंदबाज रखें, यह आसान है। एक टीम का पतन समझौता बिंदु से होता है।

आपके पास बिश्नोई, कुलदीप और जडेजा के रूप में तीन स्पिनर हैं। वहीं मयंक यादव अगर फिट हैं, तो इस टीम में आ सकते हैं। खलील अहमद, मुकेश कुमार, मोहसिन खान को भी होना चाहिए।

उन्होंने कहा, भारत के पास बहुत सारे विकल्प हैं और उन्हें समझौता नहीं करना चाहिए और ऐसे खिलाड़ियों को शामिल करना चाहिए जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों कर सकें। आप सभी विश्व कप विजेता कप्तानों के बारे में सोचें, वे गुणवत्तापूर्ण गेंदबाजी विकल्पों को ही चुनेंगे यही जीत की कुंजी है।

# भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का शानदार प्रदर्शन, चालिहा ने किया उलटफेर

**नई दिल्ली ।**
**भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल ली को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने उबेर कप टूर्नामेंट जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। भारतीय महिला टीम ने इस तरह कनाडा पर 4-1 की जीत से टूर्नामेंट में सकारात्मक शुरुआत की है।**




### चालिहा ने राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराया

रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें रैंकिंग की खिलाड़ी ली को शुरुआती सिंगल्स मैच में 26-24, 24-22 से मात दी। ली 2014 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीत चुकी हैं।

फरवरी में पहली बार एशिया टीम चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहीं चालिहा ने पीवी सिंधू सहित शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी अच्छी तरह निभाई।

### भारतीय टीम ने कनाडा को किया चित्त

पिछले साल सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोंजेगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला डबल्स जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21-12, 21-10 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया था। इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21-13, 21-12 से हराकर भारत को 3-0 की अजय बढ़त दिलाने में मदद की।

दूसरे महिला डबल्स में सिमरन सिंधी और रितिका ठाकुर को जैकी डेंट और क्रिस्टल से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब ने पांचवें और अंतिम मैच में एलियाना झांग को 21-15, 21-11 से हराकर आसान जीत हासिल की। अब युवा भारतीय महिला टीम का सामना इस टूर्नामेंट के अगले मुकाबले में सोमवार को सिंगापुर और मंगलवार को चीन से होगा। भारतीय टीम ग्रुप-ए में शामिल है। वहीं, थॉमस कप में भारतीय पुरुष टीम अपने खिताब का बचाव करने की शुरुआत थाईलैंड के खिलाफ करेगी।

सलाह

# सोने की सबसे अच्छी और बुरी पोजीशन



हम हर रोज जिस पोजीशन में सोते हैं उनका हमारी सेहत पर काफी असर होता है। इन पोजीशन के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी होते हैं। जानें किस पोजीशन में सोने के क्या फायदे हैं और क्या नुकसान हैं।

## सोयें सही, रहें सही

जिस तरह पर्याप्त नींद हमारे सेहत के लिए बहुत जरूरी है उसी तरह सोने का तरीका भी हमारे सेहत को प्रभावित करता है। कई बार गलत तरीके से सोने से हमारे दिमाग के साथ-साथ मूड पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि अपने सोने के तरीके का खास खयाल रखें। अगर हम अच्छी तरह सोते हैं तो सुबह तरोताजा उठते हैं। अच्छी नींद हमें कई तकलीफों से दूर रखती हैं। इससे हमारी कमर, गर्दन और रीढ़ की हड्डी सही रहती है। इससे इन हिस्सों में दर्द नहीं होता।

## तकिये का सहारा

करवट लेकर सोना जिसमें आपके घुटने मुड़े हुए हों। आपके दोनों घुटनों के बीच में तकिया हो। इसके अलावा अगर आप सीधा लेटते हैं तो अपने दोनों घुटनों के नीचे तकिया रखकर सोयें। बॉडी पिलो आपकी रीढ़ की हड्डी का कुदरती कर्व बनाये रखने में मदद करते हैं। इससे हमारी पीठ में दर्द नहीं होता।

## सिर का तकिया भी है जरूरी

सिर के नीचे लगाया जाने वाला तकिया भी महत्वपूर्ण होता है। अगर आप करवट लेकर सोते हैं, तो तकिया सिर और गर्दन को सही सपोर्ट देने वाला होना चाहिये। इससे रीढ़ की हड्डी को भी सपोर्ट मिलता रहता है। यह तकिया कमर के बल सोने वालों के सिर के नीचे लगने वाले तकिये से थोड़ा मोटा होना चाहिये। कमर के बल सोने वालों का तकिया आपकी गर्दन और पलंग के बीच लगना चाहिये और सिर आगे की ओर नहीं झुका होना चाहिये।

## मैटर्स हों सही

आपका बिस्तर भी सही होना चाहिये। आपका मैटर्स आपके शरीर को पूरा सहारा देने वाला होना चाहिये। इस पर सोते समय आपके शरीर के अलग-अलग पार्टस पर ज्यादा जोर नहीं पड़ना चाहिये। अगर बिस्तर आरामदेह हो तो आपको नींद अच्छी आती है।

## 5 बुरी पोजीशन

कई बार आपने महसूस किया होगा कि सुबह उठकर आपके शरीर में दर्द होता है। आपकी गर्दन, सिर और बदन में दर्द होता है। इसकी बड़ी वजह आपकी सोने की पोजीशन भी हो सकती है। तो जितना जरूरी आपके लिए यह जानना है कि कैसे सोना सही है, उतना ही जरूरी यह जानना भी है कि आपको किस पोजीशन में सोने से बचना चाहिये।

## पेट के बल सोने से बचें

पेट के बल सोने से बचना चाहिये क्योंकि इससे आपकी लोअर बैक पर अतिरिक्त खिंचाव पड़ता है। और साथ ही गर्दन और कंधे की पॉश्चर भी ज्यादा जोर पड़ता है।

## ...ताकि बेडरूम में आए चैन की नींद

क्या आपका बेडरूम ऐसा है, जहां आप चैन की नींद ले सकें? यह तो हम सभी जानते हैं कि एक स्वस्थ जीवन के लिए अच्छी नींद का होना बहुत जरूरी है लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि अच्छी नींद के लिए बेडरूम का सही होना भी बेहद जरूरी है।

बेड की बनावट, गद्दे, ओढ़ने की चादर, बेडशीट ये सभी चीजें अच्छी नींद के लिए बहुत जरूरी हैं सबसे जरूरी यह है कि आपके बेडरूम में कम से कम चीजें हो। इंटीरियर डिजायनर कुणाल का कहना है कि बेडरूम घर का सबसे जरूरी हिस्सा है।

अगर आप चाहते हैं कि आपका बेडरूम आपकी सारी थकान दूर कर दे तो सबसे जरूरी है कि वह कमरा शांत हो। बेडरूम का रंग नीला, हरा या फिर ग्रे हो तो बेहतर। इन रंगों से शांति मिलती है और पॉजिटिविटी भी। इसके साथ ही लाइट की व्यवस्था भी सही होनी चाहिए।

**कैसा हो बेडरूम ?** 1. गद्दे अच्छे होने चाहिए। 2. बेडरूम में गैजेट्स न हों तो बेहतर। 3. कम से कम आवाज आए। 4. हल्का संगीत चलता रहे। 5. कमरे में पौधे रख सकते हैं।





# गर्मियों में कर रहे हैं ट्रैवल तो जरूर साथ रखें ये चीजें

ज्यादातर लोगों को लगता है कि घूमने के लिए ठंड का मौसम ही सबसे अच्छा होता है लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप घूमने के शौकीन हैं तो आपके लिए क्या सर्दी और क्या गर्मी। जिस तरह ठंड के दिनों में ट्रैवल करने के दौरान कुछ विशेष बातों का ख्याल रखना होता है, उसी तरह गर्मी में कुछ चीजों का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है।

अगर आप गर्मी में घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं तो इन चीजों को जरूर अपने साथ रखें। सफर के दौरान इन चीजों के होने से आपकी परेशानी बहुत कम हो जाएगी।

## पानी की बोतल

अगर आप सफर पर निकले हैं तो अपने साथ पानी की बोतल जरूर साथ रखें। पानी की बोतल होने से शरीर में पानी की कमी नहीं होने पाएगी और आप अपने सफर को बिना किसी मुश्किल के पूरा कर सकेंगे।

## ग्लूकोज ड्रिंक

पानी की बोतल रखने के साथ ही यह भी जरूरी है कि आपके पास ग्लूकोज ड्रिंक हो। हो सकता है आपको सफर पर कुछ खाने को न मिले और गर्मी के चलते आपको लो बीपी की समस्या हो जाए। ऐसे में ग्लूकोज ड्रिंक होना आपके लिए राहत की बात होगी।

## एनर्जी बार

सफर के दौरान बहुत ज्यादा खाने या गरिष्ठ भोजन करने से परहेज करना चाहिए। बहुत अधिक मसालेदार खाना खाने से तबियत बिगड़ सकती है। ऐसे में अच्छा रहेगा कि आप अपने पास एनर्जी बार रखें। इससे आपको ताकत भी मिलेगी और तबियत भी नहीं बिगड़ेगी।

## वेट टिश्यू

जरूरी नहीं कि आपको चेहरा धोने के लिए हर समय पानी मिल ही जाए। ऐसे में चेहरा बुझा-बुझा नजर आने लगता है और थकान का एहसास ज्यादा होता है। अच्छा रहेगा कि आप अपने साथ वेट टिश्यू पैकेट रखें।

## सनग्लास

यूवी रेज से सुरक्षा के लिए आपके पास सनग्लासेज होना जरूरी है। सनग्लासेज होने से आपकी आंखें सुरक्षित रहेंगी।

## सनस्क्रीन और सैनेटाइजर

अपने साथ ये दो चीजें जरूर रखें ताकि आपका सफर यादगार रहे। गर्मियों में सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन जरूर रखें और हाइजीन के लिए सैनेटाइजर।

# पेट और सांस के रोगों को दूर रखेगी मुलेठी



आयुर्वेद में मुलेठी को बहुत गुणकारी माना गया है। मुलेठी की जड़ को उखाड़ने के बाद दो वर्ष तक उसमें औषधीय गुण रहते हैं। इसका औषधि के रूप में प्रयोग बहुत पहले से होता आया है। मुलेठी पेट के रोग, सांस संबंधी रोग, स्तन रोग को दूर करती है।

ताजी मुलेठी में पचास प्रतिशत पानी होता है, जो सुखाने पर मात्र दस प्रतिशत ही शेष रह जाता है। ग्लिसराइजिक एसिड के होने के कारण इसका स्वाद साधारण शक्कर से पचास गुना अधिक मीठा होता है। आइए जानते हैं मुलेठी के गुणों के बारे में

## लिवर को फायदा

मुलेठी पीलिया, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर जैसे लिवर रोगों के इलाज में मदद करती है। इसके प्राकृतिक एंटी-ऑक्सिडेंट गुण विषाक्त पदार्थों के कारण जिगर के नुकसान से रक्षा करते हैं। इसके अलावा, मुलेठी हेपेटाइटिस के कारण जिगर की सूजन को शांत करने में मदद करती है।

## खांसी में दिलाए आराम

मुलेठी गले में खराश, सर्दी, खांसी और दमा के रूप में सांस रोगों के संक्रमण का इलाज करती है। एंटीऑक्सिडेंट गुण के कारण ब्रोन्कियल नलियों की सूजन को कम करने और वायुमार्ग को शांत करने में मदद करती हैं। यह बलगम को निकालती है, जिससे खांसी में आराम मिलता है।

## दांत साफ रखें

मुलेठी जीवाणुरोधी और रोगाणुरोधी गुण के कारण कैविटी वाले बैक्टीरिया की वृद्धि को रोकती है, प्लाग को कम करती है। दांतों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मुलेठी जड़ के पाउडर का प्रयोग करना चाहिए।

## इम्युन सिस्टम मजूबत करे

मुलेठी लिम्फोसाइटों और मैक्रोफेज जैसे रसायनों के उत्पादन में मदद करती है, इससे हमारी रक्षा प्रणाली(इम्युन सिस्टम) में सुधार लाते हैं। मुलेठी में मौजूद लीकोरिस जड़ कब्ज, अम्लता, सीने में जलन, पेट के अल्सर, जैसी पाचन समस्याओं के इलाज में सहायक है। यह जीवाणुरोधी गुण पेट में सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

## अवसाद दूर करने में मददगार

मुलेठी अवसाद के इलाज में मदद करती है। मुलेठी अधिवृक्क ग्रंथि को सुधारती है, जो घबराहट और अवसाद से लड़ने में मदद करती है। इसमें मैग्नीशियम, कैल्शियम और बीटा कैरोटीन जैसे खनिज और फ्लेवोनॉइड्स हैं, जो अवसाद को दूर करने में मदद करते हैं।

उपचार

# गुस्सा सेहत पर डालता है बुरा प्रभाव



क्रोध यानी गुस्सा, यह व्यक्ति की एक ऐसी प्रकृति है जो परिस्थितियों के मुताबिक मस्तिष्क में उत्पन्न होती है। गुस्से का परिणाम दूसरों के लिए बुरा हो या न हो, लेकिन गुस्सा करने वाले के लिए बहुत ही खतरनाक हो सकता है। क्रोध को हमारे शरीर और सेहत के लिए सबसे बड़ा शत्रु बताया गया है। इसकी वजह से कई बार रिश्ते भी टूट जाते हैं। अगर आपको छोटी-छोटी बातों पर भी गुस्सा आ जाता है तो इस पर काबू करें। वर्ना यह आपकी जिंदगी में कई तरह से जहर घोल सकता है।

## क्रोध का आपके स्वास्थ्य पर असर

वैज्ञानिकों के मुताबिक, क्रोध आने पर मस्तिष्क में ऐसे रासायनिक तत्व बनते हैं, जिनका शरीर और मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। आंखें लाल हो जाती हैं तथा हार्ट में जलन हो सकती है। ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। आक्रमक भावनाएं उत्पन्न होती हैं। सोच-समझने की शक्ति कमजोर हो जाती है। तनाव बढ़ता है। लगातार क्रोध करने से पाचन तंत्र कमजोर होता है, जिससे एसिडिटी, कब्ज, भूख नहीं लगना जैसे रोग हो सकते हैं। क्रोध से नींद नहीं आती, जिससे पूरे स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है।

## अपने क्रोध को पहचानें

क्रोध को काबू करने के लिए उसे पहचानने की जरूरत होती है। लोगों को टाइप ए और टाइप बी पर्सनालिटी के आधार पर पहचानें। टाइप ए पर्सनालिटी के लोग वे होते हैं जिनकी किसी वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा ज्यादा तीव्र होती है। ऐसे लोगों को गुस्सा बहुत जल्दी आता है, वह जल्द ही धैर्य खो बैठते है। आप भी इस श्रेणी में आ सकते हैं, अगर आपमें धैर्य की कमी, खाना जल्दी खाना, बैचेनी, काम-काज के दौरान चिड़चिड़ापन, गुस्से के दौरान खुद को नुकसान पहुंचाना आदि।

## क्रोध पर काबू करने के 4 तरीके

1. गुस्से को काबू में करने का यह सबसे बेहतरीन तरीका माना जाता है जो काफी मुश्किल होता है। आप चुप रहे और कुछ भी ना बोले। इससे व्यक्ति गुस्सा आने की स्थिति से बच जाता है।
2. योग और ध्यान का सहारा लेना गुस्से पर काबू पाने के लिए लिहाज से काफी फायदेमंद होता है। इसलिए रोजाना ध्यान करने से गुस्से पर हमेशा के लिए काबू पाया जा सकता है। ध्यान से एक व्यक्ति का जीवन शांत और संतुलित हो जाता है और गुस्से पर काबू पा लेता है।
3. जहां भी लड़ाई या गुस्से की स्थिति बन रही हो आप उस जगह से तुरंत हट जाए। इससे व्यर्थ विवाद नहीं होगा और आप गुस्से से भी बच जाएंगे। विवाद या बहस की स्थिति में उस जगह पर रहना क्रोध का कारण बन जाता है।
4. जब आपको क्रोध आए तो अपनी आंखों और कानों को बंद कर ले। इससे ये होगा कि लड़ाई जिन कारणों से भी हो रहा है उसे आप ना तो सुन पाएंगे और ना ही देख सकेंगे। इसलिए आपको गुस्सा बिल्कुल भी नहीं आएगा।

# बागवानी से बनाएं सेहत



बागवानी का शौक आपकी सेहत के लिए बहुत अच्छा है। बागवानी आपको प्रकृति के नजदीक तो रखती ही है साथ ही यह एक अच्छा व्यायाम भी है। जो लोग सुबह उठकर व्यायाम नहीं कर पाते वे बागवानी के जरिए भी अपनी सेहत बना सकते हैं। बागवानी सेहत के लिए व्यायाम की ही तरह है। हर रोज आधा घंटा अपने गार्डन को देने से आप लगभग 250 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। इसके अलावा बागवानी से आपको मानसिक शांति तो मिलती ही है साथ ही आपके घर आंगन में खूबसूरती भी बढ़ती है। आइए जानें बागवानी सेहत के लिए कितनी फायदेमंद है।

## क्या कहते हैं शोध

एक रिसर्च में यह बात सामने आई है कि जो पुरुष बागवानी करते हैं वे सेहतमंद तो रहते ही हैं साथ ही उनकी सेक्स क्षमता भी बढ़ती है। बागवानी के दौरान गुड़ाई, बुवाई और अन्य काम पुरूषों की सेक्स ड्राइव को बढाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि केवल 30 मिनट बागवानी करने से नपुंसकता होने का खतरा 38 प्रतिशत कम हो जाता है। जो लोग सब्जियों के बाग में काम करते हैं उनमें भी नपुंसकता होने का खतरा कम होता है।

## बागवानी के फायदे

बागवानी आपक चुस्त-दुरुस्त रखने के साथ साथ कई बीमारियों से भी बचाती है। इस दौरान की गई एक्सरसाइज से आप आसानी से अपने शरीर पर जमा अतिरिक्त चर्बी से छुटकारा पा सकते हैं।

## मानसिक शांति

आमतौर पर लोग पार्क व हरियाली वाली जगह पर अच्छा महसूस करते हैं उन्हें मानसिक शांति मिलती है। इसी तरह बागवानी करते समय आपको प्रकृति के करीब रहने का मौका मिलता है जिससे आपको अच्छा लगता है।

## एक्सरसाइज

बागवानी करते हुए आपके पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाती है। इस दौरान हमारी मांसपेशियां एक साथ काम करती हैं और साथ-ही-साथ हृदय की भी एक्सरसाइज भी हो जाती है।

## कैलोरी बर्न

गार्डन की सफाई करते समय आपकी उतनी कैलोरी बर्न होती हैं, जितनी साइकिल चलाते वक्त होती है। बागवानी में छोटी-छोटी घास उखाड़ने व पेड़ पौधों को सजाने संवारने में उतनी ही कैलोरी खर्च होती है जितनी की एरोबिक्स में।

## कोलोस्ट्रोल व रक्तचाप

बागवानी करने से आपका कोलोस्ट्रोल, रक्तचाप व दिल की बीमारियों से दूर रहते हैं। बागवानी के जरिए आप अपने बढ़ते वजन को भी कंट्रोल कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि बागवानी किसी भी उम्र के लोग कर सकते हैं। कुदरत का साथ हमेशा से ही इनसान के लिए काफी लाभकारी होता है। बागवानी न केवल आपके घर के माहोल को खूबसूरत बनाती है बल्कि साथ ही आपकी सेहत के लिए भी कई प्रकार से फायदेमंद साबित हो सकती हे।

# जली हुई प्रैस को यूं करें साफ

आमतौर पर जब हम लोग घर पर कपड़े प्रैस करते हैं तो कई बार प्रैस करते हुए प्रैस का लेवल हाई होने से कपड़े जल जाते हैं। लेकिन जले कपड़े के साथ प्रैस भी खराब सी हो जाती है। जिससे बाद में कपड़े प्रैस नहीं होते और प्रैस पर भी जला हुआ कपड़ा चिपका रहता है। आज हम आपको खराब प्रैस को साफ करने के टिप्स बताएंगे।

### 1. टूथपेस्ट

ठंडी आयरन पर थोड़ा कोलगेट लगाएं फिर इसे किसी कपड़े की मदद से रगड़ कर पोंछे। इसके बाद आयरन को 5 मिनट के लिए किसी कपड़े पर स्टीम करें।

### 2. बेकिंग सोडा

सबसे पहले एक कटोरी में एक चम्मच बेकिंग सोडा और एक चम्मच पानी डालें। अब इन दोनों को मिलाकर अच्छे से पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को आयरन पर लगाएं और दूसरे कपड़े से इसे पोंछे। फिर 5 मिनट के लिए किसी कपड़े पर स्टीम करें।

### 3. सिरका और नमक

एक बर्तन में 2 चम्मच सिरका और 1 चम्मच नमक डाल कर धीमी आंच में रखें और नमक के घुल जाने का इंतजार करें। लेकिन इस बात का भी खास ध्यान रखें सिरके को उबलने न दें। फिर इस मिश्रण को लेकर किसी मोटे ब्रश की मदद से आयरन को साफ कर लें।

### 4. डिटर्जेंट

पानी में थोड़ा डिटर्जेंट डालें और झाग आने तक इसे मिलाएं। फिर किसी कपड़े की मदद से आयरन को साफ करें।

### 5. नमक

एक सूती कपड़े के ऊपर एक चम्मच नमक छिड़के। फिर आयरन को तेज कर लें लेकिन स्टीम को बंद कर दें। आयरन को इस कपड़े के ऊपर रखकर रगड़े।

रेसिपी



## बादामी पनीर

### केकू

पनीर 1 कप (क्यूब्स), बादाम 15 – 20, प्याज 2 (अदरक 1 इंच का टुकड़ा , लहुसन 3–4, लाल मिर्च पाउडर 1 चम्मच, धनिया पाउडर1 चम्मच

दालचीनी पाउडर चम्मच 1/4 चम्मच, हल्दी 1/4 चम्मच, गरम मसाला पाउडर 1/2 चम्मच, सूखी लाल मिर्च 2 , नमक, स्वादानुसार,तेल अवयस्कता अनुसार

### विधि

प्याज को बडे टुकड़ो में काट लीजिये. बादाम को हल्के गरम पानी में 10-12 मिनट तक भिगो कर रखे। टमाटर को भी बड़े टुकड़ो में काट कर मिक्सी से बारीक पीस लीजिये। अब प्याज, बादाम, सूखी लाल मिर्च, अदरक, लहुसन को मिलाकर मिक्सी से बारीक पीस लीजिये। अब एक बाउल में पनीर, 1/2 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, हल्दी, नामक डालकर अछि तरह मिला लीजिये। अब कढ़ाई में 1 चम्मच तेल डालकर गरम कीजिये. अब उसमे पनीर डालकर 1-2 मिनट तक भून कर निकाल लीजिये। अब उसी कढ़ाई 2 चम्मच और तेल डालकर गरम कीजिये. अब उसमे पिसा हुआ बादाम का पेस्ट डालकर 4 मिनट तक पकाये. उसके बाद पिसा हुआ टमाटर का प्यूरी डाल कर मिलाये. अब उसमे लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला पाउडर, नमक, दालचीनी पाउडर मिलाकर पकाये. उसके बाद मसाला से तेल बहार निकलने बाद पनीर क्यूब्स और थोड़ा पानी डालकर 5 मिनट तक पकाये. गरमा गरम बादाम पनीर तैयार।



## राजमा मसाला करी

### केकू

राजमा - 1 कप, प्याज- 2, टमाटर - 3, हरी मिर्च - 2- 3, अदरक लहुसन पेस्ट - 2 चम्मच, क्रीम - 1 चम्मच , हल्दी - 1/2 चम्मच , लाल मिर्च पाउडर - चम्मच , धनिया पाउडर - 1 चम्मच , जीरा पाउडर - 1 चम्मच , गरम मसाला - 1/2 चम्मच ,तेल -आवश्यकता अनुसार,नमक - स्वादानुसार

### विधि

राजमा को रात भर के लिए भिगो कर रखे। अब सुबह राजमा को उबाल लीजिये। प्याज, टमाटर, हरी मिर्च को बारीक काट लीजिये। अब कढ़ाई में तेल डाल कर गरम कीजिये. अब उसमे बारीक काट हुआ प्याज और हरी मिर्च डाल कर भून लीजिये. उसके बाद अदरक लहुसन का पेस्ट डाल कर मिलाये. अब बारीक कटा हुआ टमाटर डाल कर पकाये. अब टमाटर नरम होने के बाद नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर,धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, गरम मसाला डाल कर अछि तरह मिला लीजिये. अब उबला हुआ राजमा को पानी के साथ डाल धीमी आंच पर 10 मिनट तक पकाये. अब थोड़ा राजमा को चम्मच से हल्का मेश कीजिये. अब क्रीम मिलाकर गैस बन्द कर लीजिये. गरमा गरम राजमा मसाला करी तैयार।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)